{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
शुक्रवार 05 जून 2026
ज्येष्ठ कृष्ण 05 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 251
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

PMG पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 74,267.34 |
| निफ्टी | - | 23,382.60 |
| सोना | - | 1,56,220 |
| चांदी | - | 2,80,000 |
| डॉलर | - | 95.20 |

/padmeshmedia   /padmeshmedia   epaper.balaghatexpress.in   E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## राज्यसभा चुनाव : बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की एक नई लिस्ट जारी कर दी है, जिसने राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। इस लिस्ट में कई राज्यों के बड़े और अनुभवी चेहरों को मौका दिया गया है, तो कुछ नए नामों को लाकर पार्टी ने सबको चौंका भी दिया है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, देश के 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर सांसदों का कार्यकाल जून-जुलाई 2026 में खत्म हो रहा है, जिसके लिए 18 जून को मतदान होना तय हुआ है। पार्टी ने पांच राज्यों की 10 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है, जबकि ओडिशा में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए भी अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। आइए जानते हैं कि बीजेपी ने किस राज्य से किसे टिकट दिया है।

### 6 राज्यों से 11 उम्मीदवार

| उम्मीदवार का नाम | राज्य |
|---|---|
| ताई तागाक | अरुणाचल प्रदेश |
| राजूभाई शुक्ला | गुजरात |
| मुकेशभाई राठवा | गुजरात |
| मानसिंह परमार | गुजरात |
| जीतेन्द्र मेघजीभाई कंजारिया | गुजरात |
| तरुण चुग | मध्य प्रदेश |
| रजनीश अग्रवाल | मध्य प्रदेश |
| ए. शारदा देवी | मणिपुर |
| अलका गुर्जर | राजस्थान |
| सतीश पूनिया | राजस्थान |
| देबाशीष सामंतराय | ओडिशा (उप-चुनाव) |

### 18 जून को होंगे राज्यसभा चुनाव

चुनाव आयोग के अनुसार, जून और जुलाई 2026 के दौरान 10 राज्यों से चुने गए राज्यसभा के 24 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसी वजह से 18 जून को इन सीटों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। इन चुनावों के तहत आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक की चार-चार सीटों, मध्य प्रदेश और राजस्थान की तीन-तीन सीटों, झारखंड की दो सीटों तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

### गुजरात की चारों सीटों पर बीजेपी ने घोषित किए उम्मीदवार

गुजरात में खाली हो रही चारों राज्यसभा सीटों के लिए बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने यहां से राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा, मान सिंह परमार और जितेंद्र मेघजीभाई कंजरिया को मैदान में उतारा है। गुजरात में सभी चार सीटों पर एक साथ उम्मीदवारों की घोषणा को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### राजस्थान में सतीश पूनिया और अलका गुर्जर को मौका

राजस्थान में खाली हो रही तीन सीटों में से बीजेपी ने दो पर अपने पत्ते खोल दिए हैं। पार्टी ने अलका गुर्जर और सतीश पूनिया को उम्मीदवार बनाया है। सतीश पूनिया लंबे समय तक राजस्थान बीजेपी की राजनीति का अहम चेहरा रहे हैं और पार्टी संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। उनके नाम की घोषणा के बाद राज्य की राजनीति में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### मध्य प्रदेश, अरुणाचल और मणिपुर से किसे मिला मौका?

मध्य प्रदेश (3 सीटें): मध्य प्रदेश की तीन सीटों में से दो सीटों के लिए बीजेपी ने उम्मीदवार घोषित किए हैं। पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर के नेता तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल को राज्यसभा चुनाव के लिए चुना है। दोनों नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाने का अनुभव है।

अरुणाचल प्रदेश (4 सीटें): अरुणाचल प्रदेश की सीट के लिए बीजेपी ने ताई टागक को उम्मीदवार बनाया है।

मणिपुर (1 सीट): मणिपुर से ए. शारदा देवी ।

## खास खबर

### 5 मंदिरों को उड़ाने की धमकी

मोहाली। पंजाब के 5 मंदिरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसमें दुर्ग्याणा मंदिर, मुक्तेश्वर मंदिर, देवी तलाब मंदिर, माइसरखाना मंदिर, काली देवी मंदिर का नाम शामिल है। ईमेल में लिखा- दोपहर 1:11 से 3:11 बजे के बीच धमाके होंगे। 6 जून 1984 को गोल्डन टेंपल पर हुए अटैक बदला लेंगे। इसके अलावा चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। गुरुवार को सचिवालय के कंट्रोल रूम को एक ई-मेल मिला, जिसमें परिसर में बम होने का दावा किया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। सचिवालय और मंदिरों के आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन शुरुआती जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, पुलिस और साइबर सेल की टीमें धमकी भरे ई-मेल की जांच में जुटी हैं।

### दिग्गज फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी का निधन

मुंबई.। हिंदी फिल्म उद्योग के वरिष्ठ फिल्म निर्माता और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के पूर्व अध्यक्ष पहलाज निहलानी का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से फिल्म जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और लिवर संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे।

पहलाज निहलानी के निधन पर फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों, निर्माताओं और उनके प्रशंसकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को याद किया। बतौर फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी ने हिंदी सिनेमा को कई लोकप्रिय फिल्में दीं। उन्होंने आंखें, शोला और शबनम, अंदाज, तलाश, रंगीला राजा और जूली 2 जैसी फिल्मों का निर्माण किया। उन्होंने वर्ष 1982 में फिल्म हथकड़ी से बतौर निर्माता अपने करियर की शुरुआत की थी।

### डॉ. सुभाष कश्यप का निधन, संविधान जगत ने खोया वरिष्ठ विद्वान

नई दिल्ली। देश के प्रख्यात संविधान विशेषज्ञ और पूर्व लोकसभा महासचिव डॉ. सुभाष सी. कश्यप का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने अपने निवास पर अंतिम सांस ली। चिकित्सकीय जानकारी के अनुसार, उनका निधन कार्डियो-पल्मोनरी अरेस्ट के कारण हुआ। डॉ. कश्यप भारतीय संसदीय परंपरा, संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अपने गहन अध्ययन के लिए जाने जाते थे। उन्होंने लोकसभा महासचिव के रूप में कार्य करते हुए संसदीय प्रक्रियाओं के आधुनिकीकरण और संस्थागत मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने सही माना

### पद पर ज्यादा शैक्षणिक योग्यता वाले कर्मचारी को बैंक ने निकाला...

नई दिल्ली । सरकारी और निजी नौकरियों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि किसी पद के लिए तय अधिकतम शैक्षणिक योग्यता से अधिक पढ़े-लिखे उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर सकते है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियोक्ता को किसी पद के लिए न्यूनतम ही नहीं, बल्कि अधिकतम योग्यता तय करने का भी अधिकार है और ऐसा करना कानूनन उचित है।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कुछ पदों के लिए योग्यता की ऊपरी सीमा निर्धारित करने के पीछे तर्क और न्यायसंगत उद्देश्य होता है। इसका मकसद उन लोगों को रोजगार के मौके उपलब्ध कराना है जो आर्थिक या सामाजिक परिस्थितियों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि राज्य एक आदर्श नियोक्ता के रूप में इसतरह के पदों को कम शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षित रख सकता है। यदि अधिक शिक्षित उम्मीदवारों को भी इसतरह के पदों पर आवेदन और नियुक्ति की अनुमति दे दी जाए, तब अपेक्षाकृत कम पढ़े-लिखे लेकिन पात्र उम्मीदवारों के मौके प्रभावित हो सकते हैं। इससे भर्ती प्रक्रिया का मूल उद्देश्य ही कमजोर पड़ जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि अदालतें पहले भी ऐसी नीतियों को वैध और उचित ठहरा चुकी हैं। इसलिए किसी विशेष पद के लिए तय शैक्षणिक सीमा का पालन अनिवार्य है और उससे अधिक योग्यता रखने वाले व्यक्ति को केवल इस आधार पर पात्र नहीं माना जा सकता कि वह नौकरी करने का इच्छुक है।

यह टिप्पणी एक बैंक कर्मचारी की बर्खास्तगी से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान की गई। संबंधित कर्मचारी को नौकरी से इसलिए हटाया था क्योंकि नियुक्ति के समय उसने अपनी वास्तविक शैक्षणिक योग्यता छिपाई थी। पद के लिए शर्त थी कि उम्मीदवार कम से कम आठवीं पास हो, लेकिन 12वीं पास या उससे अधिक शिक्षित न हो। जांच में सामने आया कि कर्मचारी स्नातक था, इसके बाद उसकी सेवा समाप्त कर दी गई।

## हॉस्पिटल में आग, 5 की मौत

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 20 से ज्यादा लोग झुलस गए। हादसा बुधवार रात करीब 3 बजे हुआ। आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इसके बाद आईसीयू में लगे एसी में ब्लास्ट हुआ। इसकी वजह से आग तेजी से फैली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड अस्पताल पहुंची और आग पर काबू पाया। लोगों ने मौके से स्टाफ के गायब होने



का आरोप लगाया। परिजन अपने मरीजों को स्ट्रैचर से बाहर ले जाते दिखे। आईसीयू वार्ड 5वीं फ्लोर पर है, जिसकी वजह से रेस्क्यू में दिक्कत आई। दमकलकर्मियों ने आईसीयू और अस्पताल के दूसरे वार्डों में फंसे मरीजों को खिड़कियां और दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला। तीन मृतकों की पहचान हो गई है, जिनमें, गीता देवी, चंचला कुमारी, 57 साल के उदय कुमार, 30 साल के शशांक कुमार शामिल हैं। एक की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं, हादसे के बाद प्रसाद हॉस्पिटल से कई मरीज गायब बताए जा रहे हैं। इसे लेकर मरीज के परिजन हंगामा कर रहे हैं। उनकी मांग है कि मरीजों को वापस लाया जाए। हालांकि, पुलिस और प्रशासन का कहना है कि उनका दूसरे अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## टीसीएस के बाद विप्रो में धर्मांतरण का आरोप

### -पीड़ित बोली- कर्मचारी ने इस्लाम अपनाने, मुस्लिम से संबंध बनाने को कहा, शिकायत की तो इस्तीफा लिया

पुणे। पुणे की एक महिला ने विप्रो टेक्नोलॉजीज कंपनी पर धार्मिक उत्पीड़न, कार्यस्थल पर भेदभाव और जबरन इस्तीफा दिलाने के आरोप लगाए हैं। महिला पहले इस कंपनी में काम करती थी। ये आरोप पुणे में हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लगाए गए। इस दौरान पूर्व कर्मचारी ने उन घटनाओं के बारे में बताया, जो उसके साथ उस समय हुई थीं जब वह हिंजवडी ऑफिस में काम करती थी। इसके बाद पुणे के हिंजवडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पूर्व कर्मचारी के वकील ने बताया कि कंपनी को कानूनी नोटिस भी भेजा गया है। उन्होंने 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है।

पीड़ित महिला ने कहा कि अगस्त 2025 में कंपनी की एक टीम मीटिंग में बुलाया गया था। इस दौरान मुझ पर इस्तीफा देने का दबाव बनाया गया। मुझे अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया और इस्तीफा ले लिया गया। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उसकी एक महिला सहकर्मी कई बार उस पर इस्लाम अपनाने और एक मुस्लिम पुरुष के साथ संबंध बनाने का दबाव डालती थी। उसका कहना है कि सहकर्मी बार-बार उसकी निजी जिंदगी में दखल देती थी और उसे हिंदू धर्म छोड़ने के लिए कहती थी। महिला के अनुसार, सहकर्मी कहती थी कि ऐसा करने से उसकी जिंदगी बेहतर हो जाएगी और उसे विदेश जाने के अवसर मिलेंगे।

### 10 महीने तक उत्पीड़न सहने का आरोप

महिला ने आरोप लगाया कि मामले की जानकारी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई थी, लेकिन उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बजाय कंपनी की ओम्बड्स कमेटी में उसके खिलाफ ही शिकायत दर्ज कर दी गई। वहीं, हिंजवडी पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जब कानून के रखवाले वसूली करने लगें तो असहाय हो जाता है नागरिक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर नाबालिग के साथ यात्रा कर रहे व्यक्ति से जबरन वसूली और धमकी देने के आरोपी तीन रेलवे पुलिसकर्मियों की अग्रिम जमानत रद्द कर दी है। इन पुलिसकर्मियों को पिछले साल सितंबर में बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहत दी थी। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि जब कानून लागू करने वाले ही जबरन वसूली करने लगें, तो नागरिक असहाय होकर देखता रह जाता है और उसके पास



झुकने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को अस्पष्ट बताते हुए उसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अपने पद का दुरुपयोग करने वाले किसी पुलिस अधिकारी के मामले से निपटते समय एक आम आरोपी व्यक्ति पर लागू होने वाली सामान्य धारणाएं लागू नहीं होंगी। यह घटना पिछले साल अगस्त महीने की है। एक यात्री अपने एक नाबालिग बच्चे के साथ राजस्थान जा रहा था। यात्री ने आरोप लगाया था कि पुलिसकर्मियों ने उसके पास से 14 ग्राम सोने का बिस्कुट और 31,900 रुपए नकद मिलने के बाद उसे हिरासत में ले लिया था और फिर उससे जबरन वसूली की गई।

## पुणे आईटी कंपनी बंद, 700 से अधिक कर्मचारी प्रभावित

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे स्थित हिंजेवाड़ी आईटी हब में एक निजी आईटी कंपनी के अचानक बंद होने से 700 से अधिक कर्मचारी और इंटर्न प्रभावित हुए हैं। कर्मचारियों की शिकायत के आधार पर कंपनी के सीईओ हर्षल ठाकरे को कथित धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें महीनों से वेतन और भत्ते नहीं मिले। कई लोगों ने बताया कि कंपनी ने लैपटॉप उपलब्ध कराने के नाम पर उनसे 15,000 रुपये जमा कराए। जनवरी के बाद से वेतन भुगतान रुक गया था और प्रबंधन बार-बार नई तारीखें देता रहा, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। आईटी कर्मचारियों के संगठन एफआईटीई ने भी मामले में हस्तक्षेप किया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में कर्मचारियों की मदद की। बताया जा रहा है कि कंपनी ने महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से इंजीनियरिंग स्नातकों की भर्ती की थी और कई प्रतिष्ठित कॉलेजों के प्लेसमेंट ड्राइव में भी भाग लिया था।

## कर्नाटक कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिला बीके हरिप्रसाद ने संभाली कमान

बेंगलुरु । कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) को नया अध्यक्ष मिल गया है। वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद ने डीके शिवकुमार का स्थान लिया है, जिन्हें कुछ ही घंटों पहले राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई थी। यह नियुक्ति राज्य में एक महत्वपूर्ण सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक है, जहां शिवकुमार ने 13 अन्य मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। एआईसीसी महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल द्वारा जारी बयान में हरिप्रसाद को तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की गई। साथ ही, पार्टी ने निवर्तमान पीसीसी अध्यक्ष डीके के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। हरिप्रसाद को आगामी राज्य विधान परिषद चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में भी नामित



किया गया है। संगठन में अपने व्यापक अनुभव के लिए जाने जाने वाले हरिप्रसाद ने पहले भी कई राज्यों में पार्टी के कामकाज की देखरेख की है। वह वर्तमान में हरियाणा में कांग्रेस के प्रभारी हैं, लेकिन कर्नाटक में अपनी नई जिम्मेदारी संभालने के बाद जल्द ही इस पद से मुक्त हो जाएंगे। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठन की गहरी समझ को देखते हुए पार्टी को उनके नेतृत्व में कर्नाटक में कांग्रेस को और मजबूत करने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री डीके ने पोस्ट में हरिप्रसाद को उनकी नियुक्ति पर हार्दिक बधाई दी, विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी हरिप्रसाद की वैचारिक प्रतिबद्धता, समर्पण और संघर्षपूर्ण जीवन की सराहना की।

## अदालत मामलों के निपटारे की समय सीमा तय नहीं करेगी

### -याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया जिसमें मुकदमों को तय समय में निपटाने के लिए नियम बनाने की मांग की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने एक वकील की इस अर्जी को खारिज कर दिया। याचिका में देशभर की अदालतों में बार-बार मिलने वाली तारीखों (स्थगन) को रोकने के लिए कड़े और एक समान नियम बनाने का आग्रह किया गया था।

याचिकाकर्ता ने सभी अदालतों के लिए एक नेशनल केस फ्लो मैनेजमेंट पॉलिसी लागू करने की मांग भी की थी। इसमें मुकदमों के हर चरण के लिए समय सीमा तय करने, जरूरत पड़ने पर रोजाना सुनवाई करने और पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने का सुझाव दिया गया था। सुनवाई के दौरान बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे इस मामले को लेकर बार काउंसिल ऑफ इंडिया, स्टेट बार काउंसिल और विभिन्न बार एसोसिएशनों के पास जाएं। अदालत ने हल्के-फुल्के अंदाज में टिप्पणी की कि वे वकीलों से दुश्मनी नहीं लेना चाहते क्योंकि हम वकीलों के दोस्त हैं।

## कॉकरोच जनता पार्टी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली,। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने बुधवार को दिल्ली में अपनी पहली प्रेसवार्ता आयोजित कर शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार की घेराबंदी की। पार्टी के प्रवक्ताओं ने केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। प्रेसवार्ता में सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को महज औपचारिक कदम बताया। उनका कहना था कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए जवाबदेही तय करना जरूरी है और केवल अधिकारियों के स्थानांतरण से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। पार्टी ने घोषणा की कि उसके संस्थापक अभिजीत दीपके 6 जून को अमेरिका से दिल्ली पहुंचने वाले है। इसके बाद वे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति लेने के लिए संसद मार्ग थाने जाएंगे। संगठन ने देशभर के युवाओं से आंदोलन में शामिल होने की अपील भी की है। सीजेपी नेताओं ने दावा किया कि प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हो सकते हैं। उनका कहना है कि यह आंदोलन शिक्षा व्यवस्था और राजनीतिक तंत्र को लेकर युवाओं में बढ़ रही नाराजगी को सामने लाने का प्रयास है।

## कुछ ना कहना




## छत्तीसगढ़ में इबोला की आहट, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

### दुर्ग-भिलाई में मिले तीन संदिग्ध मरीज

भिलाई। छत्तीसगढ़ में जानलेवा इबोला वायरस की संभावित एंट्री ने स्वास्थ्य महकमे और आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। दुर्ग जिले में इबोला संक्रमण के तीन संदिग्ध मामलों की पहचान की गई है। इनमें से दो व्यक्ति भिलाई के और एक दुर्ग क्षेत्र का निवासी है। राहत की बात यह है कि प्राथमिक जांच में तीनों की स्थिति सामान्य है, लेकिन एहतियातन कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, भिलाई के रहने वाले दोनों संदिग्ध मरीज हाल ही में अफ्रीकी देश इथियोपिया और युगांडा की यात्रा कर लौटे हैं। वहीं, दुर्ग का रहने वाला तीसरा संदिग्ध व्यक्ति कांगो से भारत आया है, जो छत्तीसगढ़ पहुंचने से पहले कुछ समय तक मुंबई में भी ठहरा हुआ था। इन देशों में इबोला के इतिहास को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग बेहद सतर्कता बरत रहा है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने ट्रैवल हिस्ट्री के आधार पर तीनों व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक स्वास्थ्य निगरानी (सर्विलांस) शुरू कर दी है। चिकित्सा अधिकारियों के निर्देशानुसार, सभी संदिग्धों को अनिवार्य रूप से 21 दिनों तक होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई है। जिला स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल तीनों की स्वास्थ्य स्थिति पूरी तरह सामान्य है और उनमें इबोला के किसी गंभीर लक्षण की पुष्टि नहीं हुई है, फिर भी प्रोटोकॉल के तहत उनके स्वास्थ्य पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा रही है।

## नीट अभ्यर्थी की मौत पर राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कसा तंज, कहा

## कुर्सी स्थायी नहीं होती, आती-जाती रहती है

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नागपुर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी करने वाली एक छात्रा की कथित आत्महत्या की घटना को लेकर गुरुवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में शिक्षा व्यवस्था की बर्बादी की कीमत पूरी एक युवा पीढ़ी चुका रही है। उन्होंने दावा किया कि छात्रा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि मोदी जी की एक भ्रष्ट, टूटी हुई व्यवस्था की देन है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, आकांक्षा डॉक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी। आकांक्षा के पिता किसान हैं। बेटी के डॉक्टर बनने के सपने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन



लाख रुपये का कर्ज लिया। नागपुर में खुद रसोइये की नौकरी कर ली, ताकि बेटी वहां कोचिंग कर सके।

उन्होंने कहा, एक पिता जो कर सकता था, उसने सब किया। फिर नीट पेपर लीक हुआ। परीक्षा रद्द हुई। उस अनिश्चितता में आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, और धर्मेंद्र प्रधान जी? आज भी कुर्सी पर हैं। फिर वही समिति। वही तबादला। वही जांच। न सुधार, न न्याय। राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी, कुर्सी स्थायी नहीं होती, आती-जाती रहती है। लेकिन आपने 12 वर्षों में शिक्षा व्यवस्था को जिस हद तक बर्बाद किया है, उसकी कीमत भारत की एक पूरी युवा पीढ़ी चुका रही है।

# भरवेली पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव पर लगी मुहर

## 18-1 से गिरी सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन की सरकार, सरपंच को मिला स्वयं का वोट, अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पड़े 18 मत, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ सम्मेलन,अब जल्द होगा नए सरपंच का चयन, परिणाम आते ही ढोल नगाड़े की थाप पर थिरके समर्थकों ने मनाया जश्न,फोड़े फटाखे,बांटी मिठाई

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज।बालाघाट।

**जिला मुख्यालय से महज 5 किमी दूर ग्राम पंचायत भरवेली में सरपंच के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गुरुवार को अंतिम मुहर लग गई।जहां अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बुलाए गए सम्मेलन में कुल 21 पंचों में से 2 पंच इस सम्मेलन में उपस्थित नही हुए, तो वही सरपंच को मिलाकर,19 पंचों के बीच अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराया गया।जहां सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन का किसी भी पंच ने समर्थन नही किया,जिसके चलते सरपंच गीता बिसेन को महज स्वयं के 1 वोट से संतुष्ट होना पड़ा, उधर शेष 18 पंचों ने एक मत होकर सरपंच के खिलाफ अविश्वास जाते हुए, विपक्ष में मतदान किया।इस तरह भरवेली पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव पर प्रशासनिक मुहर लग गई।जहां 18-1 से सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन की सरकार गिर गई।अब पंचों द्वारा आपसी सलाह मशवरा कर जल्द ही सरपंच चुनने की बात कही गई है।उधर अविश्वास प्रस्ताव पर प्रसाशनिक मुहर लगते ही,समर्थकों का हुजूम सड़को पर उतर आया।जिन्होंने ढोल नगाड़े की थाप पर जमकर नृत्य किया।तो वही फटाखे फोड़ आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर जश्न मनाया।**

### अटकलो पर लगा विराम, विपक्षियों की हुई जीत

जनपद पंचायत बालाघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत भरवेली में लंबे समय से चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया। सरपंच गीता अनिल बिसेन के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर आयोजित विशेष सम्मेलन में सरपंच को करारी हार का सामना करना पड़ा।बताया गया की अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पंचायत क्षेत्र में कई दिनों से चर्चाओं का दौर चल रहा था। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की मौजूदगी में सम्मेलन आयोजित किया गया, जहां सभी पंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 19 मतों में से सरपंच गीता बिसेन को केवल एक मत प्राप्त हुआ, जबकि अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 18 मत पड़े। इसके साथ ही पंचायत में गीता बिसेन का कार्यकाल समाप्त हो गया और उनकी सरकार गिर गई।

### बाउंसरों के साथ कड़ी सुरक्षा में पंचायत पहुचे पंचगण

अविश्वास प्रस्ताव पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अंडरग्राउंड हुए सभी पंच अपने लाहो लश्कर के साथ पंचायत भवन पहुंचे।जो करीब 5 वाहनों से रिसोर्ट से निकलकर सीधे पंचायत भवन आए ,इस दौरान भारी मात्रा में उनके साथ बॉडीगार्ड और बाउंसरों की फौज भी देखने को मिली,पंचायत पहुचने में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो या किसी प्रकार का वाद विवाद होने पर उनकी सुरक्षा हो सके इसीलिए भारी सुरक्षा और बाउंसर के बीच पंचगण इस चुनाव में भाग लेने के लिए पंचायत भवन आए थे। यह दृश्य भी भरवेली सहित आसपास के ग्रामों में चर्चा का विषय बना रहा।



### 4 साल में अविश्वास के कारण सरपंच को पद से हटना पड़ा

जिले की बहुचर्चित, भरवेली पंचायत सरपंच गीता अनिल बिसेन के खिलाफ, गुरुवार को लाया गया अविश्वास प्रस्ताव, बहुमत के साथ पेश हो गया। इसके साथ ही पंचायत सरपंच गीता अनिल बिसेन, सरपंच पद से पृथक हो गई। गुरुवार को पीठासीन अधिकारी तहसीलदार सुनील वर्मा की मौजूदगी में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग की गई। जिसमें सरपंच के विपक्ष में 18 तो पक्ष में एक वोट गिरा।21 वार्डो वाली भरवेली पंचायत में चार साल बाद सरपंच को अपने पद से, अविश्वास के कारण हटना पड़ा।

### दूसरी बार में पद नहीं बचा सकी सरपंच

ज्ञात हो की इसके पूर्व भी पंचों द्वारा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लगाया गया था,जिसपर चर्चा व वोटिंग के लिए 25 जुलाई 2025 को भरवेली पंचायत में सम्मेलन बुलाया गया था उस समय सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन ने बागी हुए कुछ पंचों का विश्वास जीतकर,अपना पद बचा लिया था।लेकिन इस बार वे पंचों को अपने पक्ष में करने में कामयाब नही हो सकी, गुरूवार को दूसरी बार पंचायत सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। खास बात यह थी कि पूर्व में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में विपक्ष, धराशाही हो गया था और सरपंच, ने उनकी कुर्सी बचा ली थी, लेकिन दूसरी बार गुरूवार को लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में सरपंच गीता अनिल बिसेन, अपना पद नहीं बचा सकी।

### परिणाम आते ही समर्थकों में जश्न

जैसे ही मतदान परिणाम घोषित हुआ और अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 18 मत मिलने की जानकारी सामने आई, उपसरपंच एवं विरोधी खेमे के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पंचायत परिसर के बाहर समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया, फटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

### जल्द होगा नए सरपंच का चुनाव

अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद अब ग्राम पंचायत भरवेली में नए नेतृत्व के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पंचायत में नई बॉडी का गठन किया जाएगा तथा नए सरपंच का चुनाव कराया जाएगा। पंचायत की राजनीति में आए इस बड़े बदलाव पर पूरे क्षेत्र की नजरें टिकी हुई हैं।भरवेली पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव का यह परिणाम जिले की पंचायत राजनीति में चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां 18-1 के भारी अंतर से सरपंच को पद गंवाना पड़ा। बताया गया कि वर्तमान समय में भरवेली पंचायत का कार्यकाल महज इस वर्ष का बचा हुआ है, इस एक वर्ष के कार्यकाल के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाकर सरपंच को पद से हटाने की इस प्रक्रिया को, स्थानीय लोगों द्वारा स्वाभिमान की लड़ाई बताया गया है।

### परिणाम आने तक पंचायत में टिकी रही ग्रामीणों की निगाहें

गुरूवार को भरवेली सरपंच गीता अनिल बिसेन के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर भरवेली की जनता से लेकर बालाघाट तक की निगाहे टिकी रही। एक महिला ने सरपंच को अविश्वास प्रस्ताव से हटाए जाने पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी ग्रामीण पंचायत सरपंच गीता अनिल बिसेन के साथ है और इन्होंने ग्राम विकास में अच्छा काम किया है, हम चाहते है कि दोबारा भी सरपंच गीता अनिल बिसेन बने।

### पर्सनल मांग पूरी नहीं की तो आर्थिक लाभ के लिए पद से हटा दिया- गीता बिसेन

सरपंच गीता अनिल बिसेन ने बताया कि पंचायत सरपंच पद में रहते हुए मैंने, पंचायत के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं की। पूरे जिले की पंचायतो में भरवेली पंचायत में सबसे ज्यादा विकास कार्य किए गए है और मुझे खुशी है कि चार साल में, मैंने यह सब कर दिखाया। उन्होंने बताया कि पंचायत सरपंच रहते हुए पंचो की पर्सनल मांगे पूरी नहीं कर सकी। यही, उनसे चूक हुई, जिसका खामियाजा, आज अविश्वास के रूप में देखने को मिल रहा है, लेकिन फिर भी वह खुश है कि उन्होंने पंचायत के विकास और जनता के लिए काफी कुछ किया।

### काम तो अच्छा रहा लेकिन भ्रष्टाचार भी हुआ-राजेश

उपसरपंच राजेश बाहेश्वर ने बताया कि पंचायत में विकास कार्य तो अच्छे हुए है, लेकिन भ्रष्टचार भी किया गया है, जिसके लिए पंचो के साथ मैंने स्वयं, इसके विरोध में आंदोलन तक किया। उन्होंने बताया कि पंचायत सरपंच के हटने के बाद जो भी स्थापन्न सरपंच बनेगा, उसके साथ पंचायत के छोटे क्षेत्र में जो काम नहीं हो सके है, उन कार्यो को प्रमुखता से किया जाएगा और सड़क, बिजली, नाली, पानी जैसी समस्याओं को दूर किया जाएगा।

### एसडीएम कार्यालय से होंगी आगामी कार्यवाही- वर्मा

चुनाव परिणाम आने के बाद की गई चर्चा के दौरान पीठासीन अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि आज भरवेली में अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मेलन बुलाया गया था।अविश्वास प्रस्ताव पर भरवेली पंचायत में सम्मेलन के लिए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मुझे पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था, जिनके मार्गदर्शन में ही और विश्वास प्रस्ताव पर चुनाव कराया गया है।कुल 21 पंचों में से 19 पंच सम्मेलन में उपस्थित रहे, सभी ने अपने-अपने मतों का उपयोग किया, जहां सरपंच के पक्ष में महज 1 मत प्राप्त हुआ, जबकि अविश्वास प्रस्ताव पर कुल 18 मत मिले हैं, जिससे 18-1 से पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ है। इसके बाद इस अविश्वास प्रस्ताव के समस्त दस्तावेज अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। वहां से स्थापन की कार्यवाही की जाएगी, उसके बाद ही भरवेली पंचायत में नए सरपंच को प्रभार दिया जाएगा।

---

# सोशल मीडिया के जरिए जनता तक पहुंचेगी कांग्रेस की बात, जिले में शुरू हुआ सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** बदलते डिजिटल दौर में सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशभर में सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान शुरू किया है। इसी अभियान के तहत बालाघाट जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस पदाधिकारियों ने अभियान की रूपरेखा और उद्देश्य की जानकारी दी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पार्टी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से युवाओं, डिजिटल क्रिएटर्स और इनफ्लुएंसर्स को जोड़कर संगठन की विचारधारा तथा जनहित के मुद्दों को अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना चाहती है।




प्रेस वार्ता में बालाघाट जिले के लिए नियुक्त कांग्रेस मीडिया कार्यक्रम प्रभारी आबिद हुसैन, संगठन महासचिव शफकत खान, प्रवक्ता दयाल वासनिक तथा जिला मीडिया प्रभारी शहबाज अहमद उपस्थित रहे। प्रभारी आबिद हुसैन ने बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनसंपर्क और संवाद का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी सक्रियता बढ़ाने और युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया वॉरियर्स सरकार की नीतियों, वादों और जनहित से जुड़े मुद्दों को जनता के सामने रखने का कार्य करेंगे। साथ ही पार्टी की गतिविधियों और कार्यक्रमों को भी व्यापक स्तर पर प्रसारित करेंगे। उन्होंने बताया कि यह अभियान 1 जून से प्रारंभ हो चुका है और इसके तहत विभिन्न चरणों में आवेदन, चयन और प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अभियान के माध्यम से ऐसे युवाओं और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को अवसर दिया जाएगा जो डिजिटल माध्यमों पर सक्रिय रहते हैं और सामाजिक-राजनीतिक विषयों में रुचि रखते हैं। 1 से 3 जून तक जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से अभियान की जानकारी दी जाएगी। 31 मई से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन पत्रों का संकलन किया जाएगा।15 जून से 19 जून तक प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक स्क्रूटनी होगी। 20 जून से 23 जून तक जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में आवेदकों के साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। 24 जून से 28 जून तक अंतिम स्क्रूटनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 30 जून को चयनित सोशल मीडिया वॉरियर्स की सूची जारी की जाएगी।

---

# दिल्ली होटल आगजनी के बाद बालाघाट में भी सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

## निजी होटलों और अस्पतालों में फायर सेफ्टी इंतजामों की होगी जांच, एसडीएम ने गठित किए दो जांच दल

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** दिल्ली के एक होटल में हाल ही में हुई भीषण आगजनी की घटना के बाद अब बालाघाट जिले में भी निजी होटलों, लॉज और अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शहर में संचालित कई निजी संस्थानों में आज भी फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की बात सामने आ रही है। वहीं कुछ संस्थान ऐसे भी बताए जा रहे हैं जो बहुमंजिला भवनों में संचालित हो रहे हैं, लेकिन वहां आपातकालीन सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि शहर में कई होटल, लॉज और निजी अस्पताल ऐसे हैं जहां अग्निशमन यंत्रों की संख्या पर्याप्त नहीं है। कुछ स्थानों पर फायर अलार्म सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, आपदा प्रबंधन योजना और सुरक्षा प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाएं भी नदारद हैं। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में मरीजों, कर्मचारियों और आम लोगों की सुरक्षा गंभीर चुनौती बन सकती है। दिल्ली में हुई आगजनी की घटना के बाद जिला प्रशासन भी अब सतर्क नजर आ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जिले के प्रमुख निजी अस्पतालों, होटलों और अन्य व्यावसायिक संस्थानों में सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी और जहां भी कमियां पाई जाएंगी, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि प्रशासन द्वारा दो अलग-अलग जांच दल गठित किए गए हैं। यह दल शहर और जिले के विभिन्न निजी संस्थानों का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच करेंगे। जांच के दौरान अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था तथा भवन संबंधी नियमों के पालन की समीक्षा की जाएगी।



दिल्ली में हाल ही में हुई भीषण आगजनी की घटना के बाद देशभर में व्यावसायिक एवं सार्वजनिक भवनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं। यह पहली बार नहीं है जब सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण बड़ी दुर्घटना सामने आई हो। इससे पहले भी देश के विभिन्न राज्यों में निजी अस्पतालों, होटलों, कोचिंग संस्थानों और व्यावसायिक परिसरों में आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं । दिल्ली की घटना के बाद अब बालाघाट जिले में भी संचालित निजी अस्पतालों, होटलों, मॉल और अन्य व्यावसायिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। शहरवासियों का मानना है कि ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए स्थानीय स्तर पर भी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाना चाहिए। लोगों का कहना है कि अस्पताल, होटल और मॉल जैसे स्थानों पर पर्याप्त फायर सेफ्टी उपकरण, आपातकालीन निकास द्वार (इमरजेंसी एग्जिट), अग्निशमन यंत्र और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। शहर में कई ऐसे व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी संचालित हैं, जहां भवनों के ऊपरी हिस्सों और सीमित स्थानों में व्यवसाय किया जा रहा है। ऐसे स्थानों पर किसी भी आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यही कारण है कि अब आम नागरिकों के बीच इन भवनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। इसी बीच जिला प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि दिल्ली की घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। उन्होंने बताया कि शहर में सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच के लिए दो विशेष दल गठित किए गए हैं, जो 5 जून से निरीक्षण अभियान शुरू करेंगे। एसडीएम के अनुसार इन दलों में पुलिस विभाग, तहसील प्रशासन, नगर पालिका तथा संबंधित तकनीकी अधिकारियों और इंजीनियरों को शामिल किया गया है। निरीक्षण के दौरान शहर के निजी अस्पतालों, होटलों, मॉल और अन्य प्रमुख व्यावसायिक संस्थानों में फायर सेफ्टी तथा सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान नेशनल बिल्डिंग कोड (NBC)-2016 के प्रावधानों के अनुसार भवनों में उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं का परीक्षण किया जाएगा। विशेष रूप से अग्निशमन उपकरण, फायर अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की जाएगी। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि जिन संस्थानों में सुरक्षा मानकों की कमी पाई जाएगी, उन्हें तत्काल नोटिस जारी कर आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए जाएंगे। यदि इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं किया गया तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई भी की जा सकती है। प्रशासन की इस पहल को आम नागरिकों ने सकारात्मक कदम बताया है। लोगों का मानना है कि समय रहते सुरक्षा मानकों की जांच और सुधार से भविष्य में किसी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासनिक निरीक्षण के दौरान कितने संस्थान निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं और सुरक्षा में कमी पाए जाने पर क्या कार्रवाई की जाती है।

---

# बालाघाट में हेलमेट बना सिर्फ चालान से बचने का साधन

## पुलिस दिखी तो सिर पर हेलमेट, नजर हटते ही फिर लापरवाही

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे लगातार अभियान का असर तो दिखाई देने लगा है।लेकिन लोगों की सोच अब भी पूरी तरह नहीं बदल पाई है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देश पर बीते छह-सत माह से हेलमेट अनिवार्यता को लेकर सख्ती की जा रही है। इसका परिणाम यह हुआ कि जिले के लगभग 75 प्रतिशत दोपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट खरीद लिए है। लेकिन दुखद पहलू यह है कि अधिकतर लोग आज भी हेलमेट को अपनी सुरक्षा नहीं, बल्कि केवल चालान से बचने का साधन मान रहे हैं।शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और मुख्य मार्गों पर रोज एक जैसा दृश्य देखने को मिलता है। जैसे ही यातायात पुलिस वाहन चेकिंग करती दिखाई देती है।बाइक चालक तुरंत हेलमेट पहन लेते हैं। लेकिन पुलिस की नजर हटते ही वही हेलमेट बाइक के हैंडल में लटक जाता है या हाथ में पकड़ लिया जाता है। यह स्थिति साफ बताती है कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में अब भी गंभीरता की कमी है।

### युवा वर्ग सबसे ज्यादा लापरवाह

शहर में सबसे अधिक लापरवाही युवाओं के बीच देखने को मिल रही है। कॉलेज और बाजार क्षेत्रों में कई युवक बिना हेलमेट तेज रफ्तार में बाइक चलाते नजर आते हैं। कई जगहों पर तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाना भी आम हो चुका है।यातायात नियमों की अनदेखी सड़क हादसों के खतरे को लगातार बढ़ा रही है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर गंभीर चोट लगना मौत का सबसे बड़ा कारण होता है।जबकि हेलमेट इस खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है।

### हेलमेट लोग अपनी जिंदगी की सुरक्षा के लिए पहने

यातायात पुलिस बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्यवाही रही है। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस का उद्देश्य केवल जुर्माना वसूलना नहीं। बल्कि लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना है।किन्तु पुलिस कार्यवाही से स्थायी बदलाव संभव नहीं है। जब तक लोग खुद अपनी जिंदगी की कीमत नहीं समझेंगे तब तक सड़क हादसों पर पूरी तरह नियंत्रण पाना मुश्किल रहेगा।आज जरूरत इस बात की है कि लोग हेलमेट को पुलिस के डर से नहीं, बल्कि अपने परिवार और अपनी जिंदगी की सुरक्षा के लिए पहनें। क्योंकि सड़क पर एक छोटी सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन सकती है।बालाघाट जिले में हेलमेट अब सुरक्षा नहीं, बल्कि चालान से बचने का साधन बनता जा रहा है। पुलिस दिखी तो हेलमेट सिर पर, और नजर हटते ही फिर लापरवाही शुरू हो जाती है। एसपी आदित्य मिश्रा के अभियान के बाद हेलमेट की बिक्री तो बढ़ी, लेकिन लोगों की सोच अब भी नहीं बदली है। हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नहीं, बल्कि जिंदगी बचाने के लिए पहनना जरूरी है।

---

# संयुक्त टीम की सतर्कता से दो नाबालिगों का रुकवाया गया बाल विवाह

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग बालाघाट के त्वरित एवं समन्वित प्रयासों से 04 जून को गढ़ी खुर्सीपार में दो नाबालिगों का बाल विवाह समय रहते रुकवा दिया गया। यह कार्रवाई महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में की गई। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री रचना चौधरी ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना मिली थी कि थाना गढ़ी क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार में एक बालक एवं बालिका का विवाह कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन स्टॉप सेंटर बैहर द्वारा थाना गढ़ी को अवगत कराया गया। इसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विवाह की प्रक्रिया रुकवाकर आवश्यक कार्रवाई की। साथ ही परिजनों को समझाइश देते हुए बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिवार के सुपुर्द किया गया। इसके पश्चात वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग तथा जनप्रतिनिधियों की संयुक्त टीम ने बालक और बालिका के गांव पहुंचकर दस्तावेजों का सत्यापन किया। जांच में बालिका की आयु 17 वर्ष 10 माह तथा बालक की आयु 20 वर्ष पाई गई, जिससे दोनों विधिक रूप से विवाह के लिए निर्धारित आयु पूरी नहीं कर सके थे। संयुक्त टीम ने दोनों परिवारों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी। कानूनी समझाइश के बाद दोनों परिवार विवाह स्थगित करने के लिए सहमत हो गए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह की किसी भी सूचना की जानकारी तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 अथवा संबंधित विभाग को दें, ताकि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।








# एमपीआरडीसी के अधिकारी मुकेश बेले ने बॉक्स कल्वर्ट पुलिया निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## धीमी गति से कार्य होने से हो रही परेशानी, गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के दिये कड़े निर्देश

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**नगर मुख्यालय से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग पर निर्माण एजेंसी की उदासीनता और बॉक्स कल्वर्ट पुलिया के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को लेकर गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद सड़क विभाग के अधिकारी हरकत में आये। वहीं समाचार का बड़ा असर यह हुआ कि मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) के एजेएम मुकेश बेले गुरूवार को निर्माण स्थल पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया और निर्माण कंपनी के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शासन के मापदण्ड के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं तीव्र गति से कार्य करने निर्देशित किया है।**

### निर्माण कार्य की धीमी गति से स्थानीयजन व राहगीरों में आक्रोश व्याप्त

आपकों बता दे कि लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग के 600 मीटर अधुरी सड़क का निर्माण कार्य विगत माह से किया जा रहा है। वहीं सड़क निर्माण के साथ ही पानी निकासी के लिए नाली व श्वेताम्बर जैन मंदिर के आगे बॉक्स कल्वर्ट पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन नाली एवं बॉक्स कल्वर्ट पुलिया निर्माण कार्य कछुआ गति से किया जा रहा है। इस तरह से निर्माण कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने के साथ ही बार-बार निर्माण कार्य बंद कर दिया जाता है। जिसके कारण एक माह से बॉक्स कल्वर्ट पुलिया का निर्माण कार्य शुरू हुआ है जिसका कार्य अब तक पुरा नही हो पाया है। वहीं कई दिनों से निर्माण एजेंसी द्वारा नाली और बॉक्स कल्वर्ट (पुलिया) का काम अधूरा छोड़कर बंद कर दिया गया था, जिससे स्थानीय व्यापारियों, राहगीरों और रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों में इस निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता व उदासीनता को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त था। वहीं बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में गत दिवस समाचार प्रकाशन के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एमपीआरडीसी के एजेएम मुकेश बेले स्वयं गुरूवार को अमोली पहुंच मार्ग पहुंचे और उन्होंने अधूरे पड़े निर्माण कार्य को देखकर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं तीव्र गति से कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया है। वहीं इस दौरान स्थानीयजनों ने एमपीआरडीसी विभाग के अधिकारी श्री बेले से कहा कि निर्माण कंपनी के द्वारा नाली व बॉक्स कल्वर्ट पुलिया निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है, गुणवत्तापूर्ण निर्माण नही किया जा रहा है। साथ ही कछुआ गति से कार्य किया जा रहा है। साथ ही इस मार्ग से आवागमन पूरी तरह से बंद हो चुका है, ऐसी स्थिति में थाने के पीछे एवं बड़ी मस्जिद होते हुए लोग आवागमन कर रहे है। लेकिन यह मार्ग संकरी होने के कारण बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती है एवं बड़े वाहनों के गुजरने से हर समय बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए हमारी मांग है कि बॉक्स कल्वर्ट पुलिया का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं तीव्र गति से करवाये ताकि आवागमन में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। वहीं निरीक्षण के दौरान एमपीआरडीसी के एजेएम मुकेश बेले ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस व्यस्त मार्ग पर आवागमन को सुचारू बनाना हमारी प्राथमिकता है, निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी और एक माह के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने आश्वास्त किया है।

### शासन के मापदण्ड के अनुसार किया जा रहा निर्माण कार्य - मुकेश

एमपीआरडीसी के एजेएम मुकेश बेले ने बताया कि लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग के 600 मीटर अधुरी सड़क का निर्माण कार्य 80 प्रतिशत से अधिक काम हो चुका है, नाली एवं बॉक्स कल्वर्ट पुलिया का निर्माण कार्य जारी है। बार-बार शिकायत हो रही थी कि पुलिया का निर्माण कार्य कछुआ गति से किया जा रहा है, स्थल निरीक्षण किया गया तो कार्य चालू है और बॉक्स कल्वर्ट पुलिया निर्माण के लिए नीचे से कांक्रीट व लोहे से बैंस किया जा रहा है जिसे सेट होने में समय लगता है उसके बाद स्लैप डाला जायेगा। श्री बेले ने बताया कि निर्माण कार्य को लेकर स्थानीयजन बार-बार शिकायत कर काम रूकवा देते है, जिस कारण से कार्य में विलंब हो रहा है, हमारे द्वारा निर्माण कंपनी के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि गुणवत्तापूर्ण एवं तीव्र गति से निर्माण करे और शासन के मापदण्ड के अनुसार ही कार्य किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया कि जून माह के अंत तक बॉक्स कल्वर्ट पुलिया व नाली का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा, जिसके बाद इस मार्ग से सुचारू रूप से आवागमन शुरू हो जायेगा।

# आज जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार करेगें क्षेत्र का दौरा

## ग्राम पंचायतों और सहकारी समितियों की करेंगे समीक्षा

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** जिला पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) सम्राटसिंह सरस्वार का 5 जून को जनपद पंचायत लालबर्रा क्षेत्र में एक दिवसीय सघन दौरा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अपने इस प्रवास के दौरान अध्यक्ष श्री सरस्वार क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा सेवा सहकारी समितियों में पहुंचकर सीधे किसानों से रूबरू होंगे। चर्चा में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष कुशवाहा ने बताया कि जिला पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार 5 जून को लालबर्रा क्षेत्र का दौरा करेगें। इस दौरान प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत बल्हारपुर, दोपहर 12.30 बजे बहियाटिकुर, 1.30 बजे बोरी, 3 बजे रमपुरी, 3.30 बजे नेवरगांव ला., शाम 4 बजे सेवा सहकारी समिति नेवरगांव ला., शाम 5.30 बजे बहेगांव, शाम 6 बजे सेवा सहकारी समिति जाम की समीक्षा की जायेगी एवं



शाम 7 बजे ग्राम पंचायत औल्याकन्हार के फिजिकल क्लब में ग्रीष्म कालीन खेलकूद कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में शामिल होगे। श्री कुशवाहा ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरस्वार के द्वारा उक्त ग्राम पंचायतों एवं सेवा सहकारी समितियों का निरीक्षण कर ग्राम विकास एवं किसानों को समय पर खाद-बीज मिल रहा है या नही उसकी जानकारी लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जायेगें। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के मंडल, सेक्टर एवं ब्लाक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील श्री कुशवाहा ने की है।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकाली गई जनजागरूकता साइकिल रैली

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** मेरा युवा भारत बालाघाट (म.प्र) जिला युवा अधिकारी भारत प्रांजल अग्रवाल के निर्देशानुसार विश्व साइकिल दिवस पर ग्राम पंचायत औल्याकन्हार फिजिकल क्लब लालबर्रा बालाघाट में माय भारत एवं जिला खेल और युवा कल्याण विभाग बालाघाट के द्वारा युवाओं में फिटनेस, पर्यावरण जागरूकता और प्रतिदिन परिवहन को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साइकिल रैली निकालकर जन-जागरूकता अभियान नारे, संदेश देकर लोगों को जागरुक किया गया। वहीं साइकिल गतिविधियां से युवाओं के द्वारा साइकिल रैलियां, जागरूकता कार्यक्रम और फिट इंडिया का संकल्प लिया गया। युवाओं और नागरिकों को ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। चर्चा खेल समन्वयक लव पटेल ब्लॉक समन्वयक के द्वारा बताया गया कि युवाओं एवं



नागरिकों में स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। साइकिल एक सरल, किफायती एवं पर्यावरण-अनुकूल परिवहन साधन है, जो स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रदूषण को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर औल्याकन्हार के सरपंच प्रतिनिधि, फिजिकल क्लब के अध्यक्ष ओपी बिसेन, लव पटेल नगपुरे ब्लॉक समन्वयक जिला खेल विभाग, राधिका नायक खेल प्रशिक्षक, शैलेंद्र यादव शिक्षक, सालिकराम कटरे, अनिल परिहार, कोमल बोपचे, भगवान सिंह, फंटू नागेश्वर, महेंद्र चौहान, जय ठाकरे, भूमेश्वर कटरे, सुनील बिसेन, सुमित तुमसरे ,नागेन्द्र चौधरी, विवेक हटवार, साक्षी दांदरे, आशा नारबोदे, नव्या, सुहाना, डिम्पल, मोक्षा, खुशी, परी, काव्या, श्रध्दा बाहेश्वर, द्विशा पटेल, गार्गी पटेल, उपासना नगपुरे, स्वाति दमाहे, विजेंद्र उइके, अनिल परिहार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गीता बेल सहित खिलाड़ी, पंचगण एवं यूथ क्लब के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पोंडी से हिवराटोला-पवार हाउस नेवरगांव ला. पहुंच मार्ग का खस्ताहाल

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर ग्राम पंचायत नेवरगांव ला. के अंतर्गत आने वाले ग्राम पोंडी से हिवराटोला, पवार हाउस नेवरगांव ला. पहुंच मार्ग इन दिनों पूरी तरह बदहाल हो चुका है। सडक का पक्का निर्माण न होने के कारण यहां से गुजरने वाले राहगीरों और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि बरसात के दिनों में इस मार्ग पर पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार इस सडक़ के पक्के निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। जिसके चलते ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है।

### बारिश में कीचड़ और गड्डों में तब्दील हो जाता है मार्ग

आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत नेवरगांव ला. के अंतर्गत आने वाले ग्राम पोंडी से हिवराटोला होते हुए पवार हाउस नेवरगांव ला. पहुंच मार्ग क'चा बना हुआ है और इस मार्ग से पोंडी, हिवराटोला के ग्रामीणजन आवागमन करते है परन्तु सड़क का पक्का निर्माण नही होने के कारण आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बारिश के दिनों में यह मार्ग गड्डों एवं कीचड़ में तब्दील हो जाती है। ऐसी स्थिति में स्कूली ब'चों सहित सभी को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि यह मार्ग पोंड़ी से सीधे हिवराटोला होते हुए नेवरगांव ला. से जाम पहुंच मार्ग को जोड़ता है और इस मार्ग से ग्रामीणजन नेवरगांव ला. स्थित सोसायटी में धान बेचने एवं खाद के लिए जाते है परन्तु सड़क खराब होने के कारण उन्हे दो से तीन किमी. अधिक दुरी तय कर जाना पड़ता है परन्तु सड़क की इस समस्या की ओर जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पोंडी से हिवराटोला होते हुए पवार हाउस नेवरगांव ला. तक का यह पहुंच मार्ग पूरी तरह से क'चा है। इस मार्ग से पोंडी और हिवराटोला के ग्रामीण लगातार आवागमन करते हैं। बारिश के दिनों में यह पूरी सड़क बड़े-बड़े गड्डों और कीचड़ में तब्दील हो जाती है। ऐसी स्थिति में सबसे 'यादा परेशानी स्कूली ब'चों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ती है। इसलिए शासन- प्रशासन से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले इस सडक़ का पक्का निर्माण करवाये।





### खराब सड़क होने से तय करनी पड़ रही 3 किमी. अधिक दूरी

यह मार्ग पोंड़ी से सीधे हिवराटोला होते हुए नेवरगांव ला. से जाम पहुंच मार्ग को जोड़ता है। इसी मार्ग का उपयोग कर ग्रामीण नेवरगांव ला. स्थित सोसायटी में अपनी धान बेचने और खाद-बीज लेने के लिए जाते हैं। किन्तु सड़क खराब होने के कारण अब ग्रामीणों को ट्रेक्टर और अन्य वाहनों से दो से तीन किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाकर (लंबी दूरी तय कर) गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है, जिससे उनका समय खराब हो रहा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी इस बुनियादी समस्या को लेकर कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। जिम्मेदारों की इस चुप्पी से नाराज पोंड़ी, हिवराटोला और नेवरगांव ला. के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस पहुंच मार्ग का जल्द से जल्द पक्का निर्माण करवाये ताकि आवागमन की इस बड़ी समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल सके।

### राशि स्वीकृत होने के बाद करवाया जायेगा निर्माण - संतोष

दूरभाष पर चर्चा में नेवरगांव ला. सरपंच संतोष पंचेश्वर ने बताया कि पोंडी से हिवराटोला पहुंच मार्ग कच्चा होने के कारण खराब हो चुका है, जिसके कारण बारिश के दिनों में इस मार्ग से आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क का पक्का निर्माण के लिए शासन-प्रशासन को मांग पत्र भेजा गया है। शासन से सड़क स्वीकृत होने एवं राशि आने के बाद पक्की सड़क का निर्माण कार्य करवाया जायेगा।

# मप्र में 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' के लिए नई कमेटी

## तीन आईएएस अफसरों को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**भोपाल। एजेंसी।** मध्य प्रदेश सरकार ने 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी के लिए प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया है। सरकार द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की एक नई उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। पूर्व में तैनात अफसरों के स्थान पर अब तीन नए प्रशासनिक अधिकारियों को इस कमेटी की कमान सौंपी गई है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कमेटी में शामिल किए गए नए चेहरों में निम्नलिखित अधिकारी शामिल हैं। उमाशंकर भार्गव को अजय गुप्ता के स्थान पर संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के रूप में कमेटी का सदस्य बनाया गया है। निधि निवेदिता की जगह अब दिलीप कुमार कापसे (उप सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग) इस समिति का हिस्सा होंगे। राहुल धोते के स्थान पर रोहित सिसोदिया (उपसचिव, किसान कल्याण विभाग) को कमेटी में शामिल किया गया है।

### 11 महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित रहेगा कमेटी का काम

यह नवगठित कमेटी योजना को धरातल पर उतारने के लिए मुख्य रूप से 11 नीतिगत मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगी और इनसे जुड़े बड़े फैसले लेगी। कमेटी की प्राथमिकताओं में मुख्य रूप से शामिल हैं। प्रदेश के हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाना। किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। फसल कटाई के बाद के प्रबंधन को दुरुस्त करना। पशुधन विकास से जुड़े कार्यक्रमों को गति देना।

### साल 2031 तक चलेगी योजना

बता दें कि 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' एक दीर्घकालिक और बेहद महत्वपूर्ण योजना है, जो साल 2025 से शुरू होकर साल 2031 तक संचालित की जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कृषि ढांचे को मजबूत करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। अब 3 नए आईएएस अधिकारी योजना के रोडमैप और क्रियान्वयन की कमान संभालेंगे।

# डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की किल्लत से आमजन परेशान

## आवश्यक सेवाओं के वाहन प्रभावित, किसान और जरूरतमंद लोग चिंतित





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कमी से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पेट्रोल पंपों पर डीजल उपलब्ध नहीं होने के कारण वाहन चालक, किसान और व्यवसायी घंटों इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। वहीं घरेलू रसोई गैस के लिए एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, जिससे लोगों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

### किसानों के सामने खड़ी हुई नई समस्या

वर्तमान समय में क्षेत्र के किसान खरीफ फसल की तैयारियों में जुटे हुए हैं। खेतों की जुताई, बोवाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों में डीजल की आवश्यकता होती है। लेकिन डीजल की कमी के चलते किसानों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान गांवों से कैन और ड्रम लेकर पेट्रोल पंपों तक पहुंचते हैं, लेकिन वहां डीजल समाप्त है, उपलब्ध होने पर दिया जाएगा जैसे बोर्ड लगे होने से उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही डीजल की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हुई तो खरीफ सीजन की तैयारियां प्रभावित हो सकती हैं, जिससे कृषि कार्यों में देरी होने की आशंका है।

### आवश्यक सेवाओं पर भी पड़ रहा असर

डीजल और पेट्रोल की कमी का असर केवल किसानों तक सीमित नहीं है। एम्बुलेंस, स्कूल वाहन, मालवाहक वाहन, बस संचालक और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोग भी ईंधन की कमी से परेशान हैं। कई वाहन चालक ईंधन की तलाश में एक पंप से दूसरे पंप तक भटकते नजर आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि माल परिवहन प्रभावित होने से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है, जिससे भविष्य में अन्य वस्तुओं की उपलब्धता भी प्रभावित होने की आशंका है।

### रसोई गैस के लिए लंबी कतारें

ईंधन संकट के साथ-साथ घरेलू रसोई गैस की कमी भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। गैस एजेंसियों और वितरण केंद्रों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है। कई स्थानों पर लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि रसोई गैस की अनिश्चित उपलब्धता के कारण घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है। कई परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्थाएं करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### लोगों में बढ़ रही चिंता

नगरवासियों का कहना है कि यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो आमजन का दैनिक जीवन और अधिक प्रभावित होगा। किसानों, व्यापारियों, वाहन चालकों और गृहिणियों सहित हर वर्ग इस समस्या से जूझ रहा है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित तेल एवं गैस कंपनियों से मांग की है कि डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों से मांग की है कि ईंधन और गैस की उपलब्धता को लेकर स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की जाए तथा आपूर्ति व्यवस्था को शीघ्र सामान्य बनाया जाए। लोगों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कृषि, परिवहन और घरेलू व्यवस्था पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। वर्तमान हालात में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की किल्लत लांजी क्षेत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है।

# दोस्तों के साथ नहाने गया प्रवीण की सावरीघाट में डूबने से मौत

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत सावरीकला के बड़ी बाघ नदी सावरीघाट में एक हृदय विदारक हादसा घटित हो गया जहां परिवार का सहारा 22 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद लगातार प्रशासनिक अमला, पुलिस प्रशासन, आपदा प्रबंधन दल, एसडीआरएफ एवं स्थानीय गोताखोरों की टीम शव कि तलाश में लगी रही जो कि 4 जून की सुबह लगभग 10÷30 बजे शव का रेस्क्यू किया गया। इस घटना में पुरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहझरी निवासी प्रवीण उर्फ भूरू ठाकरे (22 वर्ष) पिता बसंत ठाकरे जो कि 3 जून को दोपहर लगभग 2 से 3 बजे अपने कुछ दोस्तों के साथ सावरी घाट बड़ी बाघ नदी पहुंचा था। नहाते समय वह अनजाने में अधिक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्तों के चीखने-चिल्लाने के बावजूद वह पानी की सतह पर नहीं आया। जिसकी जानकारी दोस्तो के द्वारा स्थानीय लोगो एवं परिवार जनों को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लांजी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पंहुचे साथ प्रशासनिक अमला भी घटना स्थल पर पंहुचा जहां एस डीएम कमलचंद सिंहसार, तहसीलदार लांजी, नायब तहसीलदार लांजी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित एसडीआर एफ दल एवं स्थानीय गोताखोर मौजूद रहे। 3 जून को देर शाम तक प्रवीण का शव बरामद नही हो सका था। दुसरे दिन 4 जून को सुबह से पुलिस विभाग एवं अधिकारियों की उपस्थिती में ग्राम चिखलामाली के गोताखोरो एवं एसडीएआरएफ दल के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। एसडीआरएफ टीम के साथ साथ चिखलामाली के गोताखोर जिनमें सुखदेव टेकाम, सोमेश्वर पन्द्रे, बलिराम पालेवार इन्होने कड़ी मेहनत कर लगातार पानी में उतरकर शव की तलाश की तथा लगभग 10÷45 बजे मृत युवक प्रवीण के शव का रेस्क्यू कर पानी से बाहर निकाला गया। शव निकालने के बाद लांजी पुलिस के द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव को सिविल अस्पताल लांजी भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच ओंकार रहांगडाले, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे जिनके द्वारा भी सहयोग एवं मार्गदर्शन किया गया।



### घर का इकलौता सहारा था प्रवीण

बतादे कि 22 वर्षीय प्रवीण अपने मॉं पिताजी का इकलौता पुत्र था, एक बहन है जिनका विवाह हो चुका है। परिवार का सहारा था प्रवीण जिसकी मौत के पश्चात परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हैं। प्रवीण के जाने से मोहझरी सहित आसपास के गांवों में शोक का माहौल छा गया है। प्रवीण के जाने से पुरा परिवार टूटकर बिखर गया है। ग्रामीण जनों ने नम आंखो से प्रवीण को विदाई देते हुये मृत आत्मा के शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है। वहीं सावरीघाट मे दोबारा इस प्रकार की घटनाऐ ना घटित हो इस हेतु स्थानीय लोगो ने प्रशासन से आग्रह किया है कि सावरी घाट में गहरे पानी वाले हिस्से पर चेतावनी बोर्ड लगाने और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

## आज विश्व पर्यावरण दिवस पर व्यापक वृक्षारोपण

पद्मेश न्यूज। लांजी। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर लांजी क्षेत्र में आज बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण और हरित आंदोलन को बल देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा भारती, एकल संच अभियान तथा महावीर इंटरनेशनल के सदस्य विभिन्न गांवों में पहुंच कर पौधे लगाएंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों द्वारा सुबह 7 बजे सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में पौधरोपण करेंगे, वहीं एकल संच अभियान व महावीर इंटरनेशनल के द्वारा लांजी क्षेत्र के सुलसुली, घोटी और पौसेरा गांवों में पहुंच कर वृक्षारोपण अभियान शुरू किया जाएगा। जिसमें नीम, पीपल, आम, शीशम, बांस और फलदार वृक्षों के पौधे लगाए जाएंगे। विशेष रूप से स्कूल परिसर, सार्वजनिक स्थानों और नालों के किनारे रोपण पर जोर रहेगा।

## नगरीय निकायों एवं पंचायतों की मतदाता सूची में नाम जोड़ने- काटने के लिये पहली बार ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

### 8317 आवेदकों ने किया ऑनलाइन आवेदन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि प्रदेश में पहली बार नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को नाम जोड़ने, कटवाने और नाम संशोधन के लिये ऑनलाइन सुविधा दी गयी। इस सुविधा का लाभ लेते हुए कुल 8317 आवेदकों ने ऑनलाइन आवेदन किया। इनमें से नगरीय निकायों में 1496 और पंचायतों में 6848 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। नगरीय निकायों में 675 ऑनलाइन आवेदन नाम जोड़ने, 770 नाम कटवाने और 24 आवेदन नाम में संशोधन के लिये प्राप्त हुए हैं। वहीं त्रि-स्तरीय पंचायतों में 1701 आवेदन नाम जुड़वाने, 4960 नाम कटवाने और 187 आवेदन नाम में संशोधन के लिये प्राप्त हुए हैं। इन सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## खराब खाने से हर साल होती हैं 15 लाख मौतें

### वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की चौंकाने वाली रिपोर्ट

नई दिल्ली। कई बार हम खराब और अनहाइजेनिक खाना खा लेते हैं। लेकिन यह हमारी सेहत के लिए खासा नुकसानदेह साबित हो सकता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की ओर से गुरुवार को जारी नए अनुमानों के मुताबिक खराब खाने की वजह से हर 86 करोड़ लोग बीमार पड़ जाते हैं और इनमें से हालत बिगड़ने पर 15 लाख से अधिक मौत की मुंह में चले जाते हैं। छोटे बच्चों को लेकर ये आंकड़े सचेत करते हुए बताते हैं, 5 साल से कम उम्र के बच्चों को बड़े बच्चों और बड़े लोगों के मुकाबले खराब खाने से बीमार होने का खतरा करीब तीन गुना अधिक होता है।

दुनिया की आबादी का महज 9 फीसदी होने के बाद भी छोटे बच्चे खाने से होने वाली बीमारियों के करीब एक तिहाई मामलों से परेशान रहते हैं, खासकर डायरिया से जुड़ी बीमारियां जो इस कम उम्र के ग्रुप के लिए बहुत ही जानलेवा साबित हो सकती हैं। साथ ही, खाने में मिथाइल मरकरी और लेड जैसे केमिकल के संपर्क में आने से उनके दिमाग को नुकसान भी पहुंचा सकता है और बच्चों में जिंदगी भर न्यूरोलॉजिकल और डेवलपमेंट से जुड़ी समस्याएं बनी रह सकती हैं।

बीमारी को फैलने से रोकने के उपाय

इस वैश्विक ऑर्गनाइजेशन का अनुमान है कि खराब खाने से हर साल करीब 86 करोड़ से अधिक लोग बीमार हो जाते हैं जबकि 15 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। जबकि इन मौतों में से कई को स्वच्छ पानी, साफ-सफाई और हाइजीन, पाश्चराइज्ड किए फूड सेफ्टी के तरीकों को अपनाने और गरीब लोगों को हेल्थ केयर सेंटर तक पहुंचने जैसे कई उपायों के जरिए रोका जा सकता है। हालांकि साल 2000 के बाद से खाने से होने वाली बीमारियों और समस्याओं का कुल बोझ कम हुआ है, फिर भी इसमें क्षेत्रीय असंतुलन की स्थिति बनी हुई है, जिनमें सबसे अधिक बोझ अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया में बना हुआ है।

खाने में बैक्टीरिया और वायरस के साथ-साथ पैरासाइटिक इन्फेक्शन समेत बायोलॉजिकल खतरों के संपर्क में आने से ज्यादातर खाने से होने वाली बीमारियां हुईं (2021 में करीब 86 करोड़), जबकि केमिकल के संपर्क में आने से अधिक मौतें हुईं। साल 2021 में, दूषित खाने से होने वाली मौतों में केमिकल खतरों की वजह से करीब 73 प्रतिशत मौतें हुईं। इनमें से अधिकतर केमिकल से जुड़ी मौतें इनऑर्गेनिक आर्सेनिक (42 प्रतिशत) और लेड (31 प्रतिशत) से जुड़ी हुई थीं, क्योंकि इनसे दिल की बीमारी और कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। सेहत पर पड़ने वाले असर के अलावा, अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि 2021 में खाने से होने वाली बीमारियों की वजह से प्रोडक्टिविटी में करीब 310 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2,96,88,00,25,00,000 रुपये) का नुकसान हुआ (बीमारी की वजह से काम से दूर रहना)। जब देशों के बीच रहने-सहने के खर्च में अंतर के लिए आर्थिक असर को एडजस्ट किया गया, तो प्रोडक्टिविटी में नुकसान का अनुमान बढ़कर 647 बिलियन अमेरिकी डॉलर (6,19,55,26,42,50,000 रुपये) हो गया।

# रोड ओव्हर ब्रिज के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

## भटेरा रोड ओव्हर ब्रिज के कार्य में गति लाने के निर्देश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना ने 04 जून को रेल्वे, सेतु निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं यातायात थाना के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के विभिन्न स्थानों पर बन रहे रोड ओव्हर ब्रिज के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में एसडीएम गोपाल सोनी भी उपस्थित थे।



### डायवर्सन रोड की लेवल क्रासिंग का कार्य पूर्ण होते ही भटेरा रोड से आवागमन बंद होगा

बैठक में सर्वप्रथम भटेरा रोड पर बनने वाले रोड ओव्हर ब्रिज के कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि रेल्वे द्वारा डायवर्सन मार्ग पर लेवल क्रासिंग का कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण भटेरा मेन रोड से आवागमन बंद नहीं किया जा रहा है। इस लेवल क्रासिंग पर सिविल वर्क पूर्ण कर लिया गया है लेकिन रेलवे द्वारा इलेक्ट्रिक एवं सिग्नल का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर की और रेलवे के इलेक्ट्रीकल विभाग से डायवर्सन रोड की लेवल क्रासिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। एक सप्ताह के भीतर यह कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। भटेरा रोड के ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य में गति नहीं लाने के लिए उसके ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये गये। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भटेरा रोड पर पानी की निकासी के लिए बनाई गई ना?ली को गलियों वाले स्थानों पर ऊपर से ढकने एवं आवागमन लायक बनाने के निर्देश दिये गये।

### बैहर रोड पर डॉ. शिशिर खरे के मकान के सामने से दिया गया है डायवर्सन रोड

बैठक में बताया गया कि भटेरा रोड ओव्हर ब्रिज के निर्माण के लिए बैहर रोड पर डॉ शिशिर खरे के मकान के सामने से डायवर्सन रोड दिया गया है। इस डायवर्सन रोड से दो पहिया एवं हल्के चार पहिया वाहन आवागमन कर सकेंगें। यह डायवर्सन मार्ग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सेंट मेरी स्कूल-बोदा-आंवलाझरी सडक पर मिलता है। लामता-समनापुर से बालाघाट की ओर आने वाले बड़े एवं भारी वाहनों को कुम्हारी से धपेरा-मोहगांव होते हुए या कुम्हारी से पाथरवाड़ा-जागपुर-आंवलाझरी होते हुए मुख्य सड़क पर पहुंचना होगा। लामता-समनापुर की ओर से आने वाली बसों के लिए महर्षि स्कूल के सामने अस्थायी बस स्टैंड बनाया गया है। रेलवे द्वारा डायवर्सन रोड की लेवल क्रासिंग का कार्य पूर्ण करते ही बालाघाट बस स्टैंड से भटेरा रोड पर यातायात बंद कर दिया जायेगा और रोड ओव्हर ब्रिज के कार्य को गति प्रदान की जायेगी।

### सरेखा ओव्हर ब्रिज की सर्विस रोड पर हाईट बेरियर लगाने के निर्देश

सरेखा रोड ओव्हर ब्रिज के कार्यों की समीक्षा के दौरान सेतु निर्माण संभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि ब्रिज के नीचे की सर्विस रोड से पेट्रोल पंप के सामने से बड़े वाहनों के गुजरने के कारण ब्रिज के गर्डर को क्षति पहुंच रही है। ब्रिज के नीचे दुकाने एवं ठेले लगाये जा रहे है। इस पर सेतु संभाग के अधिकारी को सर्विस रोड पर बड़े एवं भारी वाहनों को जाने से रोकने के लिए हाईट बेरियर लगाने के निर्देश दिये गये। बालाघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे ब्रिज के नीचे लगने वाली दुकानों एवं ठेलों को हटाने की कार्यवाही करें और उन्हें उचित स्थलों पर लगवाना सुनिश्चित करें।

### शेरपार ओव्हरब्रिज में गर्डर लांचिंग का कार्य शीघ्र करने के निर्देश

बैठक में बताया गया कि वारासिवनी एवं अगासी में रोड ओव्हर ब्रिज का कार्य पूर्ण हो गया है और इनसे आवागमन शुरू हो चुका है। शेरपार लेवल क्रासिंग पर बने रोड ओव्हर ब्रिज में गर्डर लांचिंग का कार्य शेष रह गया है। जून माह के अंत तक गर्डर कार्य स्थल पर पहुंचने की संभावना है।

### जागपुर घाट के ब्रिज पर वर्षा के पूर्व गर्डर लांचिंग के निर्देश

वैनगंगा नदी पर जागपुर घाट पर बने ब्रिज के कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस ब्रिज के लिए 36 गर्डर बनकर तैयार हो गये हैं और गर्डर लांचिंग का कार्य जून माह में पूर्ण कर लिया जायेगा। गर्डर लांचिंग के बाद ब्रिज पर स्लैब का कार्य वर्षा के दिनों में भी चलता रहेगा। अक्टूबर 2026 तक जागपुर घाट के इस ब्रिज के पूर्ण होने की संभावना है। कलेक्टर श्री मीना ने इस ब्रिज के ठेकेदार को निर्देशित किया कि वे इस ब्रिज के गर्डर लांचिंग का कार्य जून में अनिवार्य रूप से पूर्ण करायें। यदि गर्डर बारिश में क्षतिग्रस्त होंगे तो ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज करायी जाएगी और उसकी मशीने जब्त कर ली जाएगी। गर्डर के क्षतिग्रस्त होने पर ठेकेदार को जिम्मेदार माना जाएगा। अतः वर्षा प्रारंभ होने के पूर्व गर्डर लांचिंग का कार्य पूर्ण कर ले।

बैठक में सेतु निर्माण संभाग के एसडीओ श्री अर्जुन सनोडिया, लोकनिर्माण विभाग इलेक्ट्रीकल एवं मेकेनिकल संभाग के एसडीओ दिलीप बोहरे, रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर श्री नीतिश सिंह, मस्के, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, यातायात थाना प्रभारी सुश्री यीना रहांगडाले उपस्थित थी।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# आंधी-तूफान का कहर : 39 जिलों में आईएमडी अलर्ट

## मध्य प्रदेश में 20 से 22 जून तक पहुंचेगा मानसून

भोपाल। मध्य प्रदेश में मानसून पूर्व की गतिविधियां पूरी तरह से सक्रिय हैं, इसकारण मौसम विभाग ने 5 जून 2026 को राज्य के 39 जिलों में आंधी-तूफान, गरज-चमक और तेज बारिश का ऑरेंज-येलो अलर्ट जारी किया है। कई स्थानों पर ओले गिरने और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। बुधवार को श्योपुर में आंधी के दौरान पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए, जिसने मौसम के खतरनाक पहलू को उजागर किया है।



भीषण लू और नौतपा के बाद प्रदेशभर में हुई बारिश से तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। हालांकि, आईएमडी ने चेतावनी दी है कि यह मौसम एक साथ राहत और आफत दोनों लेकर आ रहा है। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के घेरे के कारण पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में थंडरस्टॉर्म की गतिविधियां बढ़ गई हैं। उज्जैन, ग्वालियर, सागर और चंबल संभाग में विशेष रूप से ओलावृष्टि की आशंका है, वहीं राजधानी भोपाल में भी सुबह से बादल छाए हुए हैं और हल्की बूंदाबांदी जारी है।

मौसम विभाग ने मुरैना, श्योपुर, छतरपुर, टीकमगढ़ और नीमच जैसे जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जहां वज्रपात, ओलावृष्टि और 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और छिंदवाड़ा सहित कुल 39 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी है, जिसमें लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। किसानों को खरीफ फसलों की तैयारी में मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन तेज हवाओं और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान का खतरा भी बना हुआ है। पशुपालकों को भी अपने पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने को कहा गया है। आईएमडी के अनुसार, मुख्य मानसून की एंट्री मध्य प्रदेश में 20 से 22 जून के आसपास होने की उम्मीद है। मौजूदा मौसम की स्थिति को देखकर प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।

# एक ही दिन दो परीक्षाएं होने से हजारों अभ्यर्थी परेशान

### - कर्मचारी चयन बोर्ड पर भविष्य से खिलवाड़ का आरोप

भोपाल। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड एक बार फिर विवादों के घेरे में है। इस बार बोर्ड पर छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगा है। दरअसल, बोर्ड ने आगामी 6 जून को उन परीक्षाओं की तारीख तय कर दी है, जिस दिन पहले से ही एक अन्य राष्ट्रीय स्तर की बड़ी परीक्षा निर्धारित है। एक ही दिन दो महत्वपूर्ण परीक्षाएं होने के कारण हजारों अभ्यर्थियों के सामने 'धर्मसंकट' खड़ा हो गया है और वे परेशान हो रहे हैं।

पूरा मामला मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड और नेशनल एंट्रेंस



स्क्रीनिंग टेस्ट की परीक्षाओं से जुड़ा है। ये दोनों ही परीक्षाएं आगामी 6 जून को आयोजित होने जा रही हैं। एक ही दिन और एक ही समय पर दो अलग-अलग परीक्षाओं का शेड्यूल होने के कारण छात्र यह तय नहीं पा रहे हैं कि वे कौन सी परीक्षा देने जाएं और कौन सी छोड़ें। छात्रों का आरोप है कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट स्क्रीनिंग टेस्ट ने अपनी परीक्षा की तारीख दिसंबर 2025 में ही सार्वजनिक कर दी थी। इसके बावजूद, मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड ने लापरवाही बरतते हुए जानबूझकर 6 जून को ही अपनी परीक्षाओं की तारीख भी घोषित कर दी। बोर्ड के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण छात्रों में भारी आक्रोश है। इस विसंगति को लेकर जबलपुर की एक छात्रा ने मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड को एक पत्र भेजकर परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है। पत्र में मुख्य रूप से वनरक्षक, जेल प्रहरी और क्षेत्र रक्षक भर्ती परीक्षा की तारीखों में बदलाव करने का आग्रह किया गया है, ताकि छात्र दोनों परीक्षाओं में शामिल हो सकें।

### एक परीक्षा चुनने के लिए विवश हो रहे छात्र

मध्य प्रदेश के हजारों छात्र-छात्राओं ने इन दोनों ही परीक्षाओं के लिए लंबे समय से कड़ी तैयारी की है। दोनों परीक्षाओं का अपना अलग महत्व है, लेकिन तारीखों के टकराव के चलते अब छात्र किसी एक परीक्षा को चुनने और दूसरी को छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। छात्रों का कहना है कि उनकी महीनों की मेहनत और पैसे दोनों बर्बाद होने की कगार पर हैं। अब प्रदेश के युवाओं ने मुख्यमंत्री और बोर्ड के उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाया जाए, ताकि किसी भी युवा का भविष्य प्रभावित न हो।

# उच्च शिक्षा में बड़ा बदलाव : नए सत्र से डिजिटल मूल्यांकन

भोपाल। मध्य प्रदेश का उच्च शिक्षा विभाग आगामी शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध महाविद्यालयों की शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव करने जा रहा है। लगभग चार दशक बाद उच्च शिक्षा व्यवस्था में किए जा रहे इन सुधारों को राज्य सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। नई व्यवस्था के तहत उत्तर पुस्तिकाओं का शत-प्रतिशत डिजिटल मूल्यांकन, एआई आधारित शिक्षण, ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली तथा विद्यार्थियों की डिजिटल शैक्षणिक पहचान जैसे प्रावधान लागू किए जाएंगे। प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अध्ययनरत लाखों विद्यार्थियों को नई व्यवस्था का लाभ मिलेगा। उच्च शिक्षा विभाग का मानना है कि इन बदलावों से शिक्षा प्रणाली अधिक पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और छात्र-केंद्रित बनेगी।

वर्तमान में लागू मूल्यांकन प्रणाली में 30 प्रतिशत अंक आंतरिक मूल्यांकन और 70 प्रतिशत अंक लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित हैं। विभाग इस अनुपात को बदलकर 40:60 करने पर विचार कर रहा है। इसके तहत आंतरिक मूल्यांकन को अधिक महत्व मिलेगा, जिससे विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई, प्रोजेक्ट कार्य, प्रेजेंटेशन, सेमीनार और कक्षा में सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे विद्यार्थियों को केवल वार्षिक परीक्षा पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उनकी समग्र शैक्षणिक क्षमता का बेहतर आकलन संभव होगा। नई व्यवस्था के तहत सभी उत्तर पुस्तिकाओं का शत-प्रतिशत डिजिटल मूल्यांकन किया जाएगा। इससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और विश्वसनीय बनेगी। साथ ही परिणाम घोषित होने में लगने वाला समय कम होगा तथा मूल्यांकन संबंधी शिकायतों में भी कमी आने की संभावना है।

### एआई आधारित शिक्षा पर विशेष जोर

उच्च शिक्षा विभाग ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को भविष्य की शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का निर्णय लिया है। प्रदेश के 67 पीएमश्री महाविद्यालयों में इस वर्ष से एआई आधारित सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को एआई टूल्स के जिम्मेदार, नैतिक और रचनात्मक उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### विद्यार्थियों की बनेगी अपार आईडी

स्कूल शिक्षा की तर्ज पर अब महाविद्यालयों में भी विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार की जाएगी। इसके माध्यम से छात्र का संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। प्रवेश, अंकसूची, प्रमाण-पत्र तथा अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाएं इससे अधिक सरल और पारदर्शी बन सकेंगी।

विभाग विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए सार्थक ऐप आधारित प्रणाली को अनिवार्य बनाने जा रहा है। इससे कॉलेजों में उपस्थिति की निगरानी आसान होगी और विद्यार्थियों की नियमित कक्षाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

### विशेषज्ञों ने बताया छात्रहित में कदम

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. शशांक शेखर के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे बदलाव कौशल विकास और छात्र हित की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। उनका कहना है कि नई व्यवस्था में सैद्धांतिक अध्ययन के साथ-साथ व्यावहारिक कार्यों को भी पर्याप्त महत्व मिलेगा। इटारसी गर्ल्स कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. संजय आर्य का मानना है कि आंतरिक मूल्यांकन के बढ़े हुए महत्व से विद्यार्थियों की रुचि प्रोजेक्ट वर्क, प्रेजेंटेशन और सेमीनार जैसी गतिविधियों में बढ़ेगी, जिससे उनके व्यक्तित्व और कौशल का बेहतर विकास होगा।

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि एआई आधारित शिक्षा केवल प्रशासनिक सुधार का माध्यम नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों से जोड़ने का सशक्त साधन भी है। विभाग का लक्ष्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाना है, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, गुणवत्ता और दक्षता सुनिश्चित की जा सके। वहीं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. एस.के. जैन ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप किए जा रहे ये सुधार विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और रोजगारोन्मुखी शिक्षा के लिए आवश्यक हैं।

# सरकार का बखान करने सांसद से लेकर कार्यकर्ता जाएंगे प्रबुद्धजनों के बीच

## मोदी सरकार के 12 साल...आज से शुरू होगा भाजपा का अभियान

भोपाल। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा शहरभर में जहां व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी, वहीं सांसद से लेकर कार्यकर्ता प्रबुद्धजनों के बीच जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताएंगे।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड से 25-25 बुद्धिजीवियों का चयन कर उनसे संपर्क किया जाएगा। कार्यकर्ता उन्हें केंद्र सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराएंगे तथा सम्मेलनों में शामिल होने का निमंत्रण देंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम पांच बुद्धिजीवियों से संपर्क करने का लक्ष्य दिया गया है और इसकी जानकारी संगठन एप पर अपलोड की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

### मंडलों में होगा पौधारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 जून को शहर के सभी मंडलों में एक साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत होने वाले इस आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायकों के साथ नगर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। पार्टी ने निर्णय लिया है कि पौधारोपण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि लगाए गए पौधों के संरक्षण और पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी संबंधित मंडलों को सौंपी जाएगी। अभी सांकेतिक रूप से पौधारोपण किया जाएगा, जबकि मानसून के आगमन के बाद बड़े स्तर पर वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिससे पौधों के विकसित होने की संभावना अधिक रहे।

# अब सोशल मीडिया पर भाजपा को टक्कर देगी कांग्रेस

## - यूट्यूबर, ब्लॉगर और कंटेंट क्रिएटर्स को मिलेगा मौका, 15 जून तक कर सकेंगे आवेदन

भोपाल । भाजपा के सोशल मीडिया प्रभाव का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी मौजूदगी मजबूत करने की रणनीति तैयार की है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेशभर में सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत ऐसे युवाओं की तलाश की जा रही है, जिनकी सोशल मीडिया पर अच्छी पकड़ हो और जो बड़ी संख्या में लोगों तक अपनी पहुंच रखते हों।

अभियान के तहत यूट्यूबर, ब्लॉगर, कंटेंट राइटर, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और डिजिटल क्रिएटर के रूप में सक्रिय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। कांग्रेस का उद्देश्य ऐसे लोगों को संगठन से जोड़ना है, जो डिजिटल माध्यमों के जरिए बड़ी संख्या में लोगों तक अपनी बात प्रभावी तरीके से पहुंचा सकें। कांग्रेस का कहना है कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनमत निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सोशल मीडिया के जरिए जनता के सामने भ्रामक जानकारी प्रस्तुत कर रही है। ऐसे में कांग्रेस जनहित और जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों को लोगों तक पहुंचाने के लिए एक मजबूत डिजिटल टीम तैयार कर रही है।

### संगठन की विचारधारा से जोड़े जाएंगे चयनित युवा

उन्होंने बताया कि चयनित युवाओं को कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग से जोड़ा जाएगा। उन्हें संगठन की विचारधारा, जनहित से जुड़े मुद्दों और डिजिटल प्रचार अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर दिया जाएगा। इसके माध्यम से पार्टी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी पहुंच और प्रभाव को बढ़ाना चाहती है।

### 15 जून तक कर सकेंगे आवेदन

सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक युवा 15 जून 2026 तक ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कांग्रेस संगठन ने अधिक से अधिक युवाओं से इस अभियान में भाग लेने की अपील की है। अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग 15 से 19 जून तक की जाएगी। इसके बाद 20 से 23 जून के बीच जिला कांग्रेस अध्यक्ष और सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी आवेदकों के साक्षात्कार लेंगे। इसके बाद 24 से 28 जून तक अंतिम स्क्रीनिंग प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 30 जून 2026 को चयनित सोशल मीडिया वॉरियर्स की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

### युवाओं से अधिक भागीदारी की अपील

यह कांग्रेस से जुड़ने का एक अच्छा अवसर है। किसी भी वर्ग, समाज या धर्म का युवा अपनी प्रतिभा और सोशल मीडिया कौशल के आधार पर इस अभियान का हिस्सा बन सकता है। प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों, कंटेंट क्रिएटर्स, ब्लॉगर और सोशल मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करने की अपील की है।

# कूनो नेशनल पार्क आएंगी राष्ट्रपति

भोपाल। मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क और यहां चल रहे 'चीता प्रोजेक्ट' को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा मंच मिलने जा रहा है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगामी 21 जून को कूनो नेशनल पार्क का दौरा प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के इस बेहद खास और गरिमामयी दौरे को लेकर वन विभाग और स्थानीय जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियां और सुरक्षा व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने मध्य प्रदेश दौरे के दौरान 21 जून को कूनो नेशनल पार्क पहुंचेंगी। संभावना जताई जा रही है कि वे 21 जून की रात कूनो में ही विश्राम करेंगी। इसके बाद, अगले दिन यानी 22 जून को वे कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण करेंगी और वहां आयोजित मुख्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी। कूनो में राष्ट्रपति का मुख्य कार्यक्रम करीब 45 मिनट का प्रस्तावित है। इस दौरे का सबसे बड़ा आकर्षण चीतों की रिलीज को माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, बोत्सवाना से लाए गए शेष चीतों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों कूनो के बड़े बाड़े या खुले जंगल में रिलीज कराए जाने की पूरी संभावना है। कूनो प्रबंधन और प्रशासन ने चीतों की इस रिलीजिंग को लेकर विशेष तैयारियां तेज कर दी हैं।

### सुरक्षा और व्यवस्थाएं हुई चाक-चौबंद

महामहिम राष्ट्रपति के आगमन की सुगबुगाहट के साथ ही कूनो नेशनल पार्क और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है।

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम अब होगा वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय

भोपाल। भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय किए जाने का प्रस्ताव कार्यपरिषद (ईसी) की बैठक में पारित कर दिया गया है। अब इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए राज्य शासन के पास भेजा जाएगा। बैठक में राजा भोज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक योगदान का उल्लेख करते हुए उनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण उचित बताया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि नाम परिवर्तन से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिलेगी। साथ ही अरबी और फारसी विभागों को भाषा एवं संस्कृति विभाग में विलय करने का निर्णय भी लिया गया है।

# राजा भोज बनाम मौलाना बरकतउल्ला पर बंटे विचार

भोपाल । राजधानी भोपाल में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय करने के प्रस्ताव आने के बाद नई बहस छिड़ गई है। प्रस्ताव में कहा गया है की राजा भोज का योगदान क्षेत्र के लिए बड़ा है, जबकि बरकतउल्ला भोपाली का सिर्फ भोपाल निवासी होना ही जुड़ाव है। इसी तर्क के आधार पर कार्य परिषद की बैठक में न बदलने का फैसला हुआ। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव चर्चा में है। नया नाम वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय सुझाया गया है प्रस्ताव में राजा भोज के योगदान गिनाए गए हैं। दावा है कि उन्होंने 80 ग्रंथ लिखे, जिनमें 27 आज भी उपलब्ध हैं। धार को ज्ञान का केंद्र बनाया और भोजशाला यानी सरस्वती मंदिर की स्थापना की, भोजताल और भोजपुर भी उनसे जुड़े हैं। कार्य परिषद की बैठक में रखे गए प्रस्ताव में मौलाना बरकतउल्ला भोपाली और राजा भोज की तुलना की गई है। लिखा गया की भोपाल में बरकतउल्ला के क्षेत्र के लिए योगदान नजर नहीं आते। बरकतउल्ला भोपाली गदर आंदोलन से जुड़े क्रांतिकारी थे। उन्होंने विदेश में रहकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ अभियान चलाया और आजादी की लड़ाई को वैश्विक समर्थन दिलाया।

# लोक सेवा गारंटी से हटाई गई 14 सेवाएं

## -अब जॉब कार्ड की मांग, बेरोजगारी भता, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नहीं मिलेंगी

भोपाल। मध्य प्रदेश में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत मिलने वाली कई सेवाओं के स्वरूप में बड़ा बदलाव किया गया है। विभिन्न योजनाओं में संशोधन तथा विभागों द्वारा ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के कारण पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की 14 सेवाओं को लोक सेवा गारंटी के दायरे से बाहर कर डीनोटिफाई कर दिया गया है।

लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार दोनों विभागों की सात-सात सेवाओं को गारंटी अधिनियम से हटाया गया है। इनमें मनरेगा से संबंधित जॉब कार्ड की मांग, रोजगार की मांग, बेरोजगारी भत्ता तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के पंजीयन जैसी सेवाएं शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार योजनाओं के संचालन के तरीके में बदलाव और ऑनलाइन प्रक्रिया लागू होने के कारण इन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी से हटाया गया है। हालांकि संबंधित विभागों द्वारा सेवाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

### ये सेवाएं हटाई गई

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की जो सेवाएं हटाई गई हैं उनमें मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना (ग्रामीण क्षेत्र) के अंतर्गत भुगतान, मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना (ग्रामीण क्षेत्र) के अंतर्गत भुगतान, जॉब कार्ड की मांग, मनरेगा के तहत रोजगार की मांग, रोजगार उपलब्ध नहीं होने पर बेरोजगारी भत्ता, मस्टर रोल के अनुसार मजदूरी भुगतान आदेश जारी करना और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत लोक प्रयोजन के लिए सड़क काटने की सशर्त अनुमति शामिल हैं। वहीं सामाजिक न्याय विभाग की जो सेवाएं हटाई गई हैं उनमें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में पंजीयन एवं लाभ प्राप्ति, मुख्यमंत्री निकाह योजना में पंजीयन, मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना के अंतर्गत विभिन्न सहायता प्रकरण, मजदूर सुरक्षा योजना में पंजीयन, मजदूर सुरक्षा योजना के पंजीयन का नवीनीकरण, वृद्धाश्रमों एवं संबंधित संस्थाओं के लिए अनुदान प्रस्तावों की अनुशंसा और वृद्धाश्रम संचालन एवं अनुरक्षण के लिए अनुदान संबंधी प्रस्तावों की जिला स्तर पर अनुशंसा शामिल हैं।

### अब भी 729 सेवाएं गारंटी के दायरे में

लोक सेवा प्रबंधन विभाग के अनुसार वर्तमान में लगभग 729 सेवाएं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत संचालित हैं। विभिन्न विभागों की केवल 48 सेवाएं ऐसी हैं जो अभी इस व्यवस्था में शामिल नहीं हैं। विभाग ने संबंधित विभागों से कहा है कि यदि कोई सेवा अब प्रासंगिक नहीं है तो उसे औपचारिक रूप से डीनोटिफाई कराया जाए। वहीं जिन सेवाओं की आवश्यकता बनी हुई है, उनके लिए ऑनलाइन एवं समयबद्ध सेवा वितरण की व्यवस्था विकसित की जाए।

### समय सीमा में सेवा नहीं देने पर कार्रवाई

मध्य प्रदेश में नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2010 में लोक सेवा गारंटी अधिनियम लागू किया गया था। इसके तहत प्रत्येक सेवा के लिए निर्धारित समय सीमा तय की गई है। यदि तय अवधि में सेवा उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो संबंधित अधिकारी पर आर्थिक दंड लगाया जा सकता है। सरकार का उद्देश्य अधिकतम सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराना है, ताकि नागरिकों को प्रमाण-पत्र, अनुमतियां और अन्य सरकारी कार्यों के लिए कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। लोक सेवा प्रबंधन विभाग के अपर सचिव अरुण परमार के अनुसार लोक सेवा गारंटी के दायरे से बाहर सेवाओं की समीक्षा की जा रही है और विभागों को उन्हें ऑनलाइन एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

# मध्यप्रदेश में और मजबूत होंगी सड़क संरचनाएं

## कैबिनेट ने हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी खंड की मौजूदा मध्यवर्ती लेन को अपग्रेड करने की दी मंजूरी

भोपाल । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों पर केंद्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने मध्यप्रदेश के निमाड़ - अंचल को महत्वपूर्ण सौगात दी है। मध्यप्रदेश में एनएच-347बी के हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी खंड (125.01 किमी) की मौजूदा मध्यवर्ती लेन को पक्की शोल्डर मानक वाली टू लेन में अपग्रेड करने और देशगांव-जुलवानिया खंड (108.643 किमी) की मौजूदा टू लेन को फोर लेन में चौड़ा करने को हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर मंजूरी दे दी है। इस पर 4,415.60 करोड़ रुपये की लागत आएगी। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय कुंवर शाह ने उनके विधानसभा क्षेत्र और निमाड़ - अंचल की सड़कों के उन्नयन के लिये प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में आधारभूत संरचनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही हे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में एनएच-347बी के हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी और देशगांव-जुलवानिया खंड के प्रस्तावित उन्नयन से बेतूल, खंडवा, खरगोन और बड़वानी जिलों के शहरी क्षेत्रों में मौजूद गंभीर ज्यामितीय खामियों, तिरछे मोड़ों और भीड़भाड़ की समस्या का समाधान होगा। इस परियोजना के अंतर्गत खरगोन जिले के लिए 16.20 किलोमीटर लंबा एक विस्तारित ग्रीनफील्ड बाईपास विकसित किया जाएगा। इस परियोजना से औसत यात्रा गति बढ़ेगी, यात्रा का समय कम होगा और सड़क सुरक्षा, ईंधन दक्षता और वाहन परिचालन लागत में सुधार होगा, जिससे क्षेत्रीय गतिशीलता और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

यह परियोजना मध्यप्रदेश के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निर्बाध रूप से जोड़ेगी। उन्नत कॉरिडोर 6 पीएम गति-शक्ति आर्थिक केंद्रों (1 कपड़ा क्लस्टर, 2 मेगा फूड पार्क, 1 औद्योगिक पार्क, 2 सुपर थर्मल पावर प्लांट), 5 सामाजिक केंद्रों (2 आकांक्षी जिले - खंडवा और बड़वानी, 3 आदिवासी जिले - बैतूल, खंडवा, खरगोन) और 5 लॉजिस्टिक्स केंद्रों (2 प्रमुख रेलवे स्टेशन, 2 हवाई अड्डे, 1 एमएमएलपी) से जुड़कर बहु-मोडल एकीकरण को बढ़ावा देगा, जिससे पूरे क्षेत्र में माल और यात्रियों की आवाजाही तेज हो सकेगी।

## न्यूज गैलरी

### जाली बाउंड्री उखाड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से केस दर्ज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** लांजी पुलिस अनुभाग के ग्राम किरनापुर वार्ड नं. 5 में जमीन पर मेड़ डालने और जाली बाउंड्री उखाड़ने को लेकर मां-बेटी और वृद्ध दंपति के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। किरनापुर पुलिस ने पक्ष के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कामिनी भीमटे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। उनके घर के सामने ही नाना जी भीमटे अपने परिवार के साथ रहते हैं। 3 जून को सुबह 9-30 बजे कामिनी भीमटे के घर के सामने रहने वाले नानाजी भीमटे अपने निजी भूमि पर मेड़ खंबा गाड़ने के लिए चूने से लाइन बना रहे थे। कामिनी भीमटे का आरोप है कि इस दौरान नानाजी भीमटे अपने मजदूरों के साथ उसके घर के सामने लगी जाली और बाउंड्री वाल को उखाड़कर मेड़ की लाइन डालने लगे। कामिनी के मना करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। कामिनी ने आरोप लगाया कि नानाजी भीमटे और उनकी पत्नी चमन बाई ने उसे और उसकी मां ज्योति भीमटे के साथ हाथ-मुक्कों और लोहे की रॉड से मारपीट की। वहीं 78 वर्षीय नानाजी भीमटे ने आरोप लगाया कि कामिनी भीमटे और उसकी मां ज्योति ने उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की, हाथ की कलाई पर दांत से काटा और जमीन पर धक्का देकर गिरा दिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अश्लील गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। घटना के बाद दोनों पक्ष के परिजनों के द्वारा बीच-बचाव करने पर दोनों पक्ष किरनापुर थाने पहुंचे। किरनापुर पुलिस ने नानाजी भीमटे 78 वर्ष की रिपोर्ट पर ज्योति भीमटे और कामिनी भीमटे के खिलाफ जबकि कामिनी भीमटे 27 वर्ष की रिपोर्ट पर नानाजी भीमटे और उनकी पत्नी चमन बाई भीमटे के विरुद्ध मारपीट, अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सड़क पर कब्जा नहीं चलेगा, अतिक्रमण हटाने मैदान में उतरा नगरीय प्रशासन

## होटल, कोचिंग संस्थान और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को पार्किंग व्यवस्था सुधारने के निर्देश, अभियान रहेगा जारी

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**शहर के अंबेडकर चौक से हनुमान चौक तक चल रहे नाला निर्माण कार्य और बढ़ती यातायात समस्या को देखते हुए नगर पालिका, राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने गुरूवार 4 जून से संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया। अभियान के पहले दिन अंबेडकर चौक से गोंदिया रोड और हनुमान चौक तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही दुकानदारों और व्यापारियों को सड़क तक फैले सामान, अव्यवस्थित पार्किंग और शासकीय भूमि पर किए गए कब्जे हटाने के निर्देश दिए गए।**




नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा नाला निर्माण कार्य के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए यह अभियान शुरू किया गया है। आगामी दिनों में भी शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई से एक दिन पूर्व नगर पालिका कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग और राजस्व अमले की संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें शहर में बढ़ती यातायात समस्या और सड़क किनारे किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पहले चरण में व्यस्ततम मार्गों पर कार्रवाई की जाएगी और उसके बाद अन्य क्षेत्रों में अभियान चलाया जाएगा। गुरुवार सुबह नगर पालिका के राजस्व एवं नियोजन विभाग और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से सड़क पर उतरकर कार्रवाई की। इस दौरान सड़क के दोनों किनारों पर लगाए गए फ्लैक्स बोर्ड, ठेले, खोमचे, टपरों और अन्य अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई शुरू होते ही क्षेत्र के दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई और कई लोगों ने स्वयं ही अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान हटाना शुरू कर दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने पाया कि कई होटल, कोचिंग संस्थान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान अपनी पार्किंग सड़क तक कर रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं कुछ ऑटोमोबाइल व्यवसायी फोर व्हीलर वाहनों को सड़क पर खड़ा कर रहे थे। आजाद चौक के समीप भवन निर्माण सामग्री भी सड़क तक फैली हुई मिली, जिस पर अधिकारियों ने तत्काल सामग्री हटाने के निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों ने संबंधित लोगों को चेतावनी दी कि यदि निर्माण सामग्री या अन्य सामान सड़क पर पाया गया तो नियमानुसार प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा। ऋषि कॉम्प्लेक्स तथा हनुमान चौक क्षेत्र में कुछ क्लीनिक और प्रतिष्ठानों के सामने अव्यवस्थित पार्किंग पाए जाने पर भी संबंधित संचालकों को सख्त हिदायत दी गई और सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया गया। नगर पालिका अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखें, वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था करें और शासकीय भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। उन्होंने बताया कि पहले दिन समझाइश और चेतावनी के साथ कार्रवाई की गई है, लेकिन आगे नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुर्माना और सामग्री जब्ती जैसी कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि शहर को व्यवस्थित और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अन्य प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर भी चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाया जाएगा। इससे आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुचारू हो सकेगी।


**पैसा ठीक होने के बाद देना**

शादी से पहले एवं शादी के बाद

उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।

**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**

गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464


# गर्रा रेलवे ओवरब्रिज को शुरू करने को लेकर मिल रही तारीख पर तारीख

## अब निरीक्षण के बाद पुनः तय की जाएगी नई तारीख, पहले 31 मई तो फिर 5 से 6 जून बताई जा रही थी तिथि

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** वारासिवनी रोड स्थित गर्रा रेलवे ओवरब्रिज को शुरू करने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तारीख पर तारीख दी जा रही है पहले प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 31 मई की तारीख दी गई थी, जिसे तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए आगे बढ़ा दिया गया। फिर 5 से 6 जून की तारीख दी गई थी, लेकिन वर्तमान समय में रेलवे ओवर ब्रिज में चल रहे निर्माण कार्यों को देखते हुए ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा है कि 6 तारीख को इस उड़ान पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा।आपको बताए कि 750 मीटर लंबे और तकरीबन 7.5 मीटर चौड़े, गर्रा ओवरब्रिज का रेलवे क्रासिंग के भाग को छोड़कर शेष कार्य प्रदेश सरकार से स्वीकृत राशि 21.67 करो ? रूपए से 13 स्पॉन पर ब्रिज तैयार किया गया है। सेतु संभाग ने दो महिने पहले अपना काम खत्म कर दिया लेकिन रेलवे की देरी से कार्य किए जाने के कारण, रेलवे ओवरब्रिज को प्रारंभ करवाने में देरी हो रही है। अभी चेकर्स टाईल्स लगाने के साथ ही सुरक्षा वॉल का काम भी शुरू है, वहीं पुल पर बिजली लगाने के लिए टेंडर आगामी 8 जून को खोला जाना है, जिसके बाद ठेकेदार तय होगा और उसके बाद बिजली का काम शुरू किया जाएगा। जिसमें एक पखवाड़ा से ज्यादा समय लग सकता है।



### अधूरे निर्माण में आवागमन प्रारंभ करना होंगी जल्दबाजी

जिस तरह से ब्रिज पर काम अधूरा पड़ा है, उसे देख ऐसा नही लगता कि इस पुल से जल्द आवागमन शुरू हो पाएगा।वही अधूरे निर्माण में आवागमन प्रारंभ करना जल्दबाजी होगी।वहीं पिछले दिनों सोमवार को बैठक में कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि निरीक्षण के बाद ही गर्रा रोड ओव्हर ब्रिज से यातायात शुरू करने की तिथि तय की जाएगी।

### कारीगर बोले काम पूरा करने में लगेगा सप्ताह भर का समय

बताया गया कि ब्रिज के ऊपर फुटपाथ पर टाईल्स लगाने का कार्य चल रहा है, प्रशासन भले ही इससे दो दिनो में पूर्ण होने की बात कह रहा हो लेकिन यहां काम कर रहे कारीगरों ने बताया कि काम पूरा होने में कम से कम एक सप्ताह लगेगा। हालांकि कलेक्टर मृणाल मीणा ने एसडीएम को अधिकारियों के साथ दो दिन के बाद ब्रिज का निरीक्षण करने के निर्देश दिये है।

### कुछ काम अब भी अधूरे

हालांकि प्रशासन चाहता है कि इसमें तत्कालिक रूप से बिजली की व्यवस्था हो, लेकिन, तत्कालिक बिजली की व्यवस्था, इस घुमावदार आरओबी में आवागमन के लिए कितनी सुरक्षित होगी, यह कोई नहीं बता पा रहा है। चूंकि इस आरओबी में घुमावदार मार्ग है, जिससे आवागमन के दौरान तत्कालिक बिजली व्यवस्था, इससे संभव हो ऐसा लगता नहीं है। टाइल्स लगाना, दीवार में पेंटिंग करना सहित अन्य कार्य अब भी अधूरे हैं जिसे देख साफ लग रहा है कि अभी गर्रा आरओबी के शुरू होने में और समय लग सकता है।


**आवश्यकता है**

पेट्रोल पंप में काम करने हेतु युवक/युवती की आवश्यकता है युवतियों को विशेष प्राथमिकता

युवक-५ पद, युवती ५ पद, मेनेजर २ पद

वेतनमान-योग्यता अनुसार

-सम्पर्क करें-
रूसिया फ्यूल बालाघाट रोड़ , अभिषेक पेट्रोलियम चंदोरी कटंगी रोड़ वारासिवनी
मों.नं.6260987149, 7974436365, 9822219741, 9713298484









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट